विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

सोफा, डीवान, कुर्सी, फास्ट ईजिंग चेयर, कार्पोरेट चेयर सहित सभी प्रकार के फर्नीचर के निर्माता एवं विक्रेता
स्टाइलिश डिजाइन, टिकाऊ क्वालिटी के उचित मूल्य
सही दाम विश्वकर्मा का फर्नीचर
पावर हाउस रोड, कोरबा

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 144 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 23 फरवरी 2024 डाक 24 फरवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

मुंबई में आगामी फिल्म शैतान के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में अभिनेता आर. माधवन, अजय देवगन, जानकी बोदीवाला और ज्योतिका

देश-विदेश

भरूच सीट को लेकर फैसल अहमद पटेल ने आप को दी चेतावनी, कहा - मैं गठबंधन का समर्थन नहीं करूंगा

फीचर पेज

प्राकृतिक सौंदर्य खास बनाता है मैनपाट को, महोत्सव से नई पहचान

भारत की शाश्वत चेतना का जाग्रत केंद्र है काशी : पीएम

काशी,23 फरवरी [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि काशी केवल हमारी आस्था का तीर्थ ही नहीं है, ये भारत की शाश्वत चेतना का जाग्रत केंद्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में काशी सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने जितने भी नए विचार दिये, नए विज्ञान दिये, उनका संबंध किसी न किसी सांस्कृतिक केंद्र से है। काशी का उदाहरण हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि काशी केवल हमारी आस्था का तीर्थ ही नहीं, बल्कि ये भारत की शाश्वत चेतना का जाग्रत केंद्र है। पीएम मोदी ने कहा कि हम सब तो निमित्त मात्र हैं। काशी में तो सब कुछ करने वाले महादेव और उनके गण हैं। उन्होंने भोजपुरी में कहा, जहां महादेव के कृपा हो जाला, ऊ धरती अपने आप समृद्ध हो जाली। पीएम ने कहा कि आज एक बार फिर काशी के हमरे परिवार के लोगन के लिए करोड़ो रुपए क योजना का लोकार्पण होत है। होली और रंगभरी एकादशी से पहले

विकास के एक और उत्सव होवे जात है। पीएम मोदी ने कहा काशी विश्वास दिलाता है कि अमृतकाल में आप सभी युवा देश को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। काशी तो सर्वविद्या की राजधानी है। काशी का स्वरूप आज फिर से संवर रहा है, यह पूरे विश्व के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आज प्रतिभागियों के विजेताओं को सम्मानित करने का अवसर मिला। सभी सफल प्रतिभागियों और उनके परिवार को बधाई देता हूं। जो युवा कुछ नंबर से पीछे रह गए, मैं उनका अभिनंदन कर रहा हूं। आप काशी के ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल हुए, यह बड़ा गौरव है। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब भारत की समृद्धि गाथा पूरे विश्व में कही जाती थी। इसके पीछे केवल भारत की आर्थिक ताकत ही नहीं थी।

इसके पीछे हमारी सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक समृद्धि भी थी। पीएम मोदी ने कहा कि काशी शिव की नगरी है ,यह बुद्ध के उपदेशों की भूमि है। काशी जैन तीर्थंकरों की जन्मस्थली भी है और आदि शंकराचार्य को भी यहां से बोध मिला था। पूरे देश के कोने-कोने से ज्ञान, शोध और शांति की तलाश में लोग काशी आते हैं। उन्होंने कहा कि हर प्रांत, भाषा, बोली और हर रिवाज के लोग काशी आकर बसे हैं। जिस स्थान पर ऐसी विविधता होती है, वहां नए विचारों का जन्म होता है।

बस में लगी आग यात्री बाल-बाल बच गए

केरल, 23 फरवरी [एजेंसी]।

इस तटीय जिले में शुक्रवार सुबह केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की एक बस में आग लग गई।पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब बस कायमकुलम और अलाप्पुझा के बीच थी। उन्होंने बताया कि यात्री बाल-बाल बच गए क्योंकि ड्राइवर को जलने की गंध महसूस हुई और उसने सभी को जल्दी से बस से उतरने के लिए कहा। अग्निशामक दल द्वारा आग बुझा दी गई है। कायमकुलम पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। टीवी चैनलों पर जलती हुई बस के दृश्यों में व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर रुके हुए वाहन से घना धुआं निकलता दिख रहा है। आग से बस लगभग पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इस तटीय जिले में शुक्रवार सुबह केरल राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस में आग लग गई।पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब बस कायमकुलम और अलाप्पुझा के बीच थी।उन्होंने बताया कि यात्री बाल-बाल बच गए क्योंकि ड्राइवर को जलने की गंध महसूस हुई और उसने सभी को जल्दी से बस से उतरने के लिए कहा।

हिट एंड रन मामला

दिल्ली के द्वारका में सड़क हादसा, टक्कर मारकर आरोपी फरार, एक की मौत

नईदिल्ली। दिल्ली के द्वारका इलाके में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में एक 69 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई है। पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया है। दिल्ली के द्वारका सेक्टर 17 के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही द्वारका नॉर्थ थाना पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। दोनों घायलों को एक निजी व्यक्ति ने आईजी अस्पताल सेक्टर 9 द्वारका में भर्ती कराया। लेकिन बाद में दोनों को वेकेन्टेश्वर अस्पताल में ट्रांसफर कर दिया गया। इलाज के दौरान एक घायल बुजुर्ग अरुण कुमार उम्र 69 वर्ष की मौत हो गयी।

हाथी उत्पात, यहां स्कूलों में दी गई छुट्टी

बलरामपुर। वाड़फनगर के ककनेसा गांव में हाथियों का आतंक लगातार जारी है। हाथियों के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं। हाथी गांव में घुसकर उत्पात मचा रहे हैं। हाथियों की आवाजाही को देखते हुए मुनादी कराकर लोगों को अलर्ट रहने को कहा जा रहा है। बीते 10 दिनों से 3 हाथियों का दल क्षेत्र में डेरा डाले हुआ है। हाथी गांव के मकानों को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं तो कहीं गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। हाथियों से बचने के लिए रिहायशी इलाके में लगातार मुनादी करा कर लोगों को सचेत भी किया जा रहा है।

आप का आरोप, कांग्रेस से किया गठबंधन, तो अरविंद केजरीवाल को कर लिया जाएगा गिरफ्तार

नईदिल्ली, 23 फरवरी [एजेंसी]।

लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों को एकजुट रखने की भरपूर कोशिश जारी है। ताजा खबर दिल्ली है। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि कांग्रेस के साथ उसके गठबंधन की खबरों के बाद भाजपा की नींद उड़ गई है।केजरीवाल सरकार में मंत्री आप नेता सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमें जानकारी है कि अगले 2-3 दिनों में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्वाल ये है कि केंद्र सरकार इतनी जल्दबाजी क्यों दिखा रही है सौरभ भारद्वाज ने आगे कहा, बीजेपी के लोग भी है हमें बता रहे हैं कि अगर दिल्ली में कांग्रेस के साथ गठबंधन होता है, तो अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया जाएगा। अगर हम अरविंद केजरीवाल को बाहर देखना चाहते हैं तो एक ही रास्ता है कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन का हिस्सा न बनें।आप नेता ने आगे कहा, यह स्पष्ट है कि बीजेपी बहुत घबराई हुई है। उसे लगता है कि अगर आप और कांग्रेस एक साथ आ गए और जहां भी गठबंधन बनेगा, जिस भी राज्य में गठबंधन होगा, वहां बीजेपी के लिए सरकार बनाना मुश्किल हो जाएगा। दिल्ली शराब नीति कांड में प्रवर्तन निदेशालय ने केजरीवाल को सातवां नोटिस जारी किया है। अब तक केजरीवाल ने किसी समन का जवाब नहीं दिया है और ना ही पेश हुए हैं। इंडिया अलायंस में सीट बंटवारे पर आम आदमी पार्टी के सांसद संदीप पाठक ने कहा, कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग पर सभी राज्यों का एलान एक साथ किया जाएगा।

जयपुर की पीएनबी बैंक में फायरिंग, बदमाशों ने कैशियर को गोली मारी, एक को भीड़ ने पकड़कर पीटा

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर से बड़ी खबर आ रही है। शहर के जोशी मार्ग झोटवाड़ा इलाके में स्थित पंजाब नेशनल बैंक के अंदर फायरिंग की घटना सामने आई है। फायरिंग में एक युवक घायल हुआ है जो बैंक मैनेजर बताया जा रहा है। दो बदमाशों द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है। एक बदमाश को लोगों ने मौके पर ही पकड़ लिया है। वहीं, दूसरा फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए जयपुर में ए श्रेणी की नाकाबंदी कराई गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह दस बजे हथियार के साथ आए बदमाशों ने पंजाब नेशनल बैंक में लूट का प्रयास किया।

नकाबपोश बदमाश हथियार लेकर बैंक में घुसे और कर्मचारियों को धमकाना शुरू कर दिया। बैंक में मौजूद कैशियर ने बदमाशों का विरोध किया तो उन्होंने उसे गोली मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल कैशियर नरेंद्र सिंह शेखावत को अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस ने बताया कि झोटवाड़ा के जोशी मार्ग पर पंजाब नेशनल बैंक हैं।

बुरा फंसा हल्द्वानी बवाल का मास्टरमाइंड, अब अचल संपत्ति पर भी होगी कार्रवाई, बस सात दिन का मिला समय

हल्द्वानी, 23 फरवरी [एजेंसी]।

बनभूलपुरा बवाल में मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। फरार होने की वजह से चल संपत्ति कुर्क हो चुकी है। अब तहसील से भी ढाई करोड़ की वसूली का नोटिस जारी हो चुका है, अगर इसका भी जवाब नहीं मिलता है तो अचल संपत्ति की भी कुर्की की भी कार्रवाई की जाएगी। बनभूलपुरा में आठ फरवरी को हुए बवाल में मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक को बनाया गया था।

इसी आधार पर पुलिस व प्रशासन कार्रवाई में जुटा है। जिस जगह नगर निगम व प्रशासन अतिक्रमण तोड़ने गया था, वह जगह अब्दुल मलिक के ही कब्जे में थी। उस समय हुए पथराव और आगजनी में नगर निगम की 2.44 करोड़ रुपये की संपत्ति को क्षति पहुंची है। नगर निगम ने इसकी भरपाई के लिए अब्दुल मलिक को नोटिस भी भेजा था, लेकिन इसका कोई जवाब नहीं मिला। अब तहसील के जरिये वसूली की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तहसीलदार सचिन कुमार ने बताया कि वसूली की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सात दिन का नोटिस दिया गया है। जवाब नहीं मिलने पर अचल संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की रिपोर्ट के अनुसार बुलडोजर, ट्रैक्टर, यूटिलिट वाहन, गारबेज टिप्पर, बोलेरे वाहन, ट्राली समेत तमाम तरह के उपकरण नष्ट हो गए थे।

गोरखपुर में तिवारी हाता पर ईडी का छापा, जांच में जुटी टीमें, वित्तीय अनियमितता में पाई गई है गड़बड़ी

गोरखपुर, 23 फरवरी [एजेंसी]।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शुक्रवार की सुबह गोरखपुर के जटाशंकर स्थित तिवारी हाता पर छापा मारा। पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी के

बेटे पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और उनके बड़े भाई पूर्व सांसद कुशल तिवारी इस मकान में रहते हैं। यह छापा लखनऊ में भी पड़ा है। सुबह साढ़े छह बजे आधा दर्जन गाड़ियों में 10 से अधिक सदस्य हाता पहुंचे। छापे के समय कुशल तिवारी और उनके घर की महिलाएं मिलीं। विनय शंकर तिवारी की कंपनी कंदर्प कंस्ट्रक्शन के अलावा गंगोत्री इंटरप्राइजेज, जीएसपी एंटरप्राइजेज आदि कंपनियों में वित्तीय अनियमितता की जांच ईडी कर रही है।

बीआरएस विधायक लस्या नंदिता की सड़क हादसे में मौत, बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई

हैदराबाद, 23 फरवरी [एजेंसी]।

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायक लस्या नंदिता की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा बेकाबू कार के डिवाइडर से टकराने की वजह से हुआ। लस्या सिकंदराबाद कैंट से विधायक थीं। हादसा आज सुबह पाटनचेरु ओआरआर पर हुआ। बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव ने उनके निधन पर दुख जताया।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने भी नंदिता के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस बीच तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने ट्वीट किया, कैंट विधायक लस्या नंदिता की असामयिक मृत्यु से मुझे गहरा धक्का लगा। नंदिता के पिता स्वर्गीय सयन्ना के साथ मेरे करीबी रिश्ते थे। पिछले साल इसी महीने में उनका निधन हो गया था। यह बहुत दुखद है कि नंदिता की नहीं रहीं। उसी महीने अचानक उनकी भी मृत्यु हो गई। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, मैं ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति देने की प्रार्थना करता हूं।

आरएसएस से राजनीति की शुरुआत, शिवसेना के पहले मुख्यमंत्री, सियासत का सभ्य चेहरा थे मनोहर जोशी

मुंबई, 23 फरवरी [एजेंसी]।

पूर्व लोकसभा स्पीकर और अविभाजित शिवसेना के पहले मुख्यमंत्री मनोहर जोशी का शुक्रवार को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। मनोहर जोशी 86 वर्ष के थे और बीते काफी समय से अस्पताल में भर्ती थे। दिल का दौरा पड़ने से शुक्रवार को उनका निधन हो गया। मनोहर जोशी, शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे के करीबी थे और शिवसेना के गठन में उनकी अहम भूमिका थी। हालांकि मनोहर जोशी ने कुछ साल पहले उद्धव ठाकरे की सार्वजनिक तौर पर आलोचना की थी, जिसके बाद वे शिवसेना की राजनीति में हाशिए पर चले गए थे।

नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के आरोप में दो ग्रामीणों को उतारा मौत के घाट

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना करतूत को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के आरोप में दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। खबरों के अनुसार दोनों मृतक ग्रामीणों की पहचान सोड़ी हूंगा और माड़वी नंदा के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों की पामेड़ एरिया कमेटी ने दोनों ग्रामीणों की हत्या की जिम्मेदारी ली है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। वहीं नक्सलियों ने दोनों ग्रामीणों की मौत के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार बताया है।

छोटी बहन को सरकारी नौकरी, परिवार को एक करोड़..., खनौरी बॉर्डर पर मारे गए किसान को लेकर सीएम मान का बड़ा ऐलान

चंडीगढ़, 23 फरवरी ।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घोषणा की है कि खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान मारे गए शुभकरन सिंह के परिवार को पंजाब सरकार द्वारा एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही मान ने उनकी छोटी बहन को सरकारी नौकरी देने का भी एलान किया है। उन्होंने एक्स पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि दोषियों के खिलाफ भी उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए शुभकरन सिंह के परिवार को पंजाब सरकार की ओर से 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और उनकी छोटी बहन को सरकारी नौकरी दी जाएगी.. दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी ..फर्ज निभा रहे हैं... बीती 21 फरवरी को दिल्ली कूच के दौरान हुए विवाद के चलते बठिंडा के किसान शुभकरण सिंह का निधन हो गया था, जिसे लेकर पंजाब में विपक्षी पार्टियों ने हरियाणा के पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने की मांग की। इसी के साथ वह मौजूदा पंजाब सरकार को भी ऐसा न करने के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं इस आरोप प्रत्यारोप के बीच मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की है।

रायपुर में हिट एंड रन का एक और मामला आधी रात बेकाबू कार ने दो कारों को मारी टक्कर

रायपुर, 23 फरवरी [एजेंसी]।

राजधानी रायपुर में एक बार फिर हिट एंड रन का मामला सामने आया है। खबरों के अनुसार गुरुवार देर रात भगत सिंह चौक के बीच एक सड़क हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार कार ने दो कारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए हैं। इधर, टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।राहगीरों ने स्थानीय थाने की पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस आरोपित कार चालक को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगला रही है। पिछले दस दिनों में रायपुर में यह तीसरा बड़ा हादसा है।

इसी रोड पर हुए दो हिट एंड रन हादसों में दो लोगों की जान जा चुकी है। तेलीबांधा थाना पुलिस अभी तक आरोपित ड्राइवर और उसकी गाड़ी की पतासाजी नहीं कर पाई है। यह घटना सिविल लाइन थाना इलाके का है।

डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा

U.S. POLO ASSN. | MUFTI | KILLER | Levi's | BLACKBERRYS | nostrum
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, सीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

श्री रामलला दर्शन का कोरबा वासियों को मिलेगा लाभ

जिले के सैकड़ों भक्तों को मिलेगा अयोध्याधाम जाने का अवसर

कोरबा । छत्तीसगढ़ सरकार के बहुप्रतिक्षित श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना का लाभ अब कोरबा वासियों को मिलेगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्थानीय निवासियों को अयोध्या धाम यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु शासकीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से श्रीराम लला दर्शन यात्रा योजना लागू किया गया है। श्री रामलला दर्शन यात्रा योजना में क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा कलेक्टरों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

जारी निर्देशानुसार श्री रामलला दर्शन यात्रा योजना के तहत यात्रा के लिए हितग्राहियों का चयन एवं अन्य कार्य संपादन के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। सदस्य सचिव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी साथ ही समिति में सदस्य के रूप में पुलिस अधीक्षक, समाज कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सत्कार अधिकारी तथा एक नामांकित सदस्य शामिल होंगे। संयुक्त कलेक्टर अथवा संयुक्त संचालक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। समिति में नामांकित सदस्य का अनुमोदन जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा किया जाएगा। समिति द्वारा आवश्यक जानकारियां, शिकायत, समस्याओं का निराकरण एवं व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों से चयनित हितग्राहियों को जिला स्तर पर एकत्रित करने के अलावा हितग्राहियों के स्वास्थ्य परीक्षण, टिकिट मुहैया व स्टेशन तक पहुंचाने की व्यवस्था की जिम्मेदारी होगी।श्रयोध्या धाम जाने हेतु इच्छुक यात्रियों से ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकायों में आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन स्पष्ट हिंदी भाषा में ही भरे जाएंगे। साथ ही 3.5 बाई 3.5 सेमी साइज की नवीनतम रंगीन फोटो प्रथम पृष्ठ पर लगाना होगा साथ ही राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, विद्युत देयक, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड या फिर शासन द्वारा स्वीकार्य कोई अन्य प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

जिले के इच्छुक आवेदनकर्ता में प्रथम चरण में 55 वर्ष अथवा उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों को प्राथमिकता के साथ चयन किया जाएगा। इस योजना में भाग लेने वाले की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष व अधिकतम 75 वर्ष होगा। 75 प्रतिशत हितग्राही ग्रामीण क्षेत्रों से तथा 25 प्रतिशत शहरी क्षेत्र के होंगे। प्राप्त आवेदनों में उपलब्ध कोटे के अनुसार यात्रियों का चयन किया जाएगा। साथ ही निर्धारित कोटे से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में यात्रियों का चयन लॉट्री द्वारा किया जाएगा। कोटे के 25 प्रतिशत अतिरिक्त व्यक्तियों की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी। चयनित यात्री यात्रा पर नहीं जाने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित व्यक्ति को यात्रा पर भेजने की व्यवस्था होगी। चयनित यात्रियों एवं प्रतीक्षा सूची को कलेक्टर कार्यालय, संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के बोर्ड पर चस्पा किया जाएगा। केवल वही व्यक्ति यात्रा में शामिल हो सकेंगे जिनका चयन हुआ है अनाधिकृत व्यक्ति को नहीं ले जाया जाएगा। विभाग के दिशा-निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति, जिसने अकेले यात्रा हेतु आवेदन किया हो, उन्हें अपने साथ एक सहायक को यात्रा पर ले जाने की पात्रता होगी। पति-पत्नी में से किसी एक का नाम यात्रा के लिए चुना जाता है तो उसका जीवन साथ भी यात्रा पर साथ जाने की पात्रता होंगे। प्रत्येक यात्रा में यात्रियों की कुल संख्या 850 निर्धारित है। जो अधिकतम 01 हजार तक होने की संभावना है। प्रत्येक यात्रा में कोरबा जिले से 146 श्रद्धालु श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना में शामिल होंगे। चयनित हितग्राहियों को उनके ग्राम पंचायत या नगरीय-निकाय तक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यात्रियों के साथ अनुरक्षक (एस्कॉर्ट) के रूप में जिले के शासकीय अधिकारी, कर्मचारी को भेजा जाएगा। ये एस्कॉर्ट सम्पूर्ण यात्रा के दौरान यात्रियों व आईआरसीटीसी के अधिकारियों से सतत संपर्क में रहेंगे तथा यात्रा के दौरान यात्रियों के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित करेंगे।यात्रियों के मेडिकल सर्टिफिकेट के अभाव में कोई यात्रा हेतु यात्री रवाना नहीं हो सकेगा। ब्लड ग्रुप, ब्लड प्रेशर, अस्थमा, एलर्जी, मधुमेह आदि का भी उल्लेख करना होगा ताकि यात्रा के दौरान मेडिकल सहायता की आवश्यकता होने पर मदद की जा सके। यात्री अपने स्वास्थ्य संबंधी दवाइयां स्वयं रखेंगे। चिकित्सक यात्रा हेतु यात्रियों का शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम होने का प्रमाण देंगे। मेडिकल टेस्ट में अनफिट पाए जाने गए यात्रियों के स्थान पर प्रतीक्षा सूची में शामिल व्यक्तियों को भेजने की व्यवस्था की जाएगी। पर्यटन विभाग द्वारा जारी निर्देश में बताया गया है कि श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) के तहत जाने वाले यात्री अपने साथ महंगे आभूषण, गहने आदि ले जाने पर प्रतिबंध होगा। यात्रियों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े रखेंगे तथा सामान की सुरक्षा स्वयं करेंगे। तीर्थ स्थल पर जाने वाले यात्रियों को मर्यादा के अनुसार आचरण करेंगे तथा वेषभूषा शालीन एवं पारंपरिक रखेंगे। सचिव छत्तीसगढ़ शासन पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों को हितग्राहियों का चयन कर यात्रियों की सूची छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग को भेजी जाएगी, जिसके बाद विभाग द्वारा अंतिम सुची का प्रकाशन किया जाएगा। यात्रा की तिथियां और जरूरी जानकारी समय से पहले यात्रियों के साथ साझा कर दी जाएगी।

पीवीटीजी परिवारों के आर्थिक विकास हेतु किया जा रहा सतत् प्रयास

मत्स्य पालन विभाग द्वारा योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने किया गया प्रोत्साहित

कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के आर्थिक स्थिति में बढ़ोत्तरी करने हेतु सतत् प्रयास किया जा रहा है। इस हेतु उन्हें कृषि सहित मछली पालन, मुर्गी-बकरी पालन, उद्यानिकी खेती जैसे गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में आज मत्स्य पालन विभाग द्वारा विकासखंड कटघोरा के ग्राम मल्दा, अमलाडीहा, बिंझरा, कुटेसर, खोड़री, केसलपुर, कटोरीनगोई के पीवीटीजी परिवारों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई साथ ही उन्हें योजनाओं से जुड़कर लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक

कोरबा। लोकसभा सांसद कोरबा श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 04 मार्च 2024 को जिला पंचायत कोरबा के सभागार में दोपहर 03 बजे आयोजित होगी। बैठक में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इनमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (सभी के लिए मकान शहरी), प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल भारत भू-अभिलेख आधुनिकी करण कार्यक्रम आदि योजनाएं शामिल हैं।

सहायक संचालक, सचिव वरिष्ठ, सचिव कनिष्ठ परीक्षा हेतु उड़नदस्ता

कन्ट्रोल रूम निर्मित कर कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

कोरबा। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक संचालक, सचिव वरिष्ठ, सचिव कनिष्ठ पदों पर भर्ती परीक्षा 25 फरवरी 2024 दिन रविवार को पूर्वान्ह 10 बजे से 12:15 बजे तक आयोजित की जाएगी।परीक्षा के सुचारू संचालन एवं केन्द्र में व्यवस्था बनाए रखने व अनुचित साधनों के रोकथाम तथा निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण मंडल कोरबा श्री शैलेष पिस्दा, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाल्को श्री रेज़ल दुबे तथा व्याख्याता सेजेस तिलकेजा श्रीमती बसंती ठाकुर को परीक्षा केंद्र 2201 से 2207 तक 07 परीक्षा केंद्रों में तथा कृषि विस्तार अधिकारी पी. एल. मिरेन्द्र, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़निया श्री चन्द्रेश कुमार दुबे व एपीसी समग्र शिक्षा कोरबा श्रीमती ओमेश्वरी नायक को परीक्षा केंद्र 2208 से 2214 तक 07 परीक्षा केंद्रो हेतु के लिए उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर द्वारा उपरोक्त अधिकारी/कर्मचारी अपनी उपस्थिति परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व कलेक्टर कार्यालय कोरबा में नोडल अधिकारी/सहा. नोडल अधिकारी कोरबा को अनिवार्य रूप से देने व ब्रिफिंग 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे समन्वयक केंद्र पी.जी. कॉलेज कोरबा में उपस्थित होना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।उक्त परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय कोरबा के कक्ष क्रमांक 06 वरिष्ठ लिपिक या परीक्षा शाखा में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी परीक्षा दिवस को प्रातः 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक के लिए लगाई गई है। जिसके अंतर्गत डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री उमेश कुमार चिकनजुरी जिला कार्यालय कोरबा तथा भृत्य श्री लक्ष्मी राठौर जिला कार्यालय कोरबा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

इमलीछापर समपार फाटक रहेगा अवरूद्ध

कोरबा । इमलीछापर (कुसमुंडा) समपार फाटक क्रमांक सीजी 32 किलोमीटर 711/2-3 स्थित मानव सहित रेल्वे समपार फाटक में 23 फरवरी 2024 को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक गेट में अति आवश्यक मरम्मत कार्य (ओवर हालिंग) किए जाने के कारण फाटक स्थित सड़क मार्ग में यातायात अवरूद्ध रहेगा। इस दौरान आम नागरिक परिवर्तित मार्ग शांति नगर अंडर ब्रिज से यातायात कर सकते हैं।

सहायक ग्रेड-03 संविदा भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा । जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत जिला कार्यालय कोरबा में सहायक ग्रेड-03 संविदा भर्ती के पद के लिए उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 29 फरवरी निर्धारित की गई है। अपर कलेक्टर सह परियोजना समन्वयक श्री दिनेश कुमार नाग ने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा अंतिम तिथि तक कार्यालयीन समय पर आवेदन सुनिश्चित करना होगा, विलंब से प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही आवेदन केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से भेजना अनिवार्य है।

कोयला के अवैध उत्खनन के दौरान मलबा गिरा,दबने से तीन ग्रामीणों की मौत

कोरबा। हरदी बाजार थाना से महज कुछ दूरी पर चल रहे कोयला के अवैध खनन से तीन लोगों की मौत हो गई है। सूत्रों की माने तो कोयला खनन करने 5 ग्रामीण कोयला खदान के मुहाने गये थे। कोयला खनन करते समय मिट्टी धसक गई और पांच लोग मिट्टी में दब गए। घटना के बाद किसी तरह एक दो ग्रामीण जान बचाकर बाहर निकले और लोगो को 3 ग्रामीणों के मिट्टी में दबने की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन और एसईसीएल की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को बाहर निकालने का काम शुरू हुआ। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है।मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र का है। सूत्रों के मुताबिक एसईसीएल की ओल्ड दीपका माइंस में एसईसीएल द्वारा पहले ही कोयला खनन कर दूसरे फेस में खनन का काम किया जा रहा है। दीपका माइंस के बंद पड़े खदान के इस हिस्से में केंवटा डबरी और सुआभोड़ी क्षेत्र के ग्रामीण अक्सर अवैध तरीके से कोयला निकालने जाते है। बताया जा रहा है कि रोज की तरह आज भी क्षेत्र के ग्रामीण माइंस के बंद पड़े हिस्से में कोयला चोरी करने के लिए घुसे हुए थे। खदान में सुरंग की तरह गड्ढा खोदकर ग्रामीण कोयला निकालने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान अचानक खदान की मिट्टी धसक गयी। इस घटना में मिट्टी की चपेट में आकर पांच ग्रामीण मिट्टी में दब गए। आनन फानन में किसी तरह मौके पर मौजूद दूसरे ग्रामीणों द्वारा अमित और लक्ष्मण मरकाम नामक युवक को मिट्टी से बाहर निकाला गया। वहीं तीन अन्य ग्रामीण शत्रुघन कश्यप,प्रदीप कुमार कमरो और लक्ष्मण ओड़े नामक युवक मिट्टी में ही दब गये। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एसईसीएल प्रबंधन द्वारा मिट्टी हटाकर ग्रामीणों को बचाने के लिए रेस्क्यू चालू किया गया हर हरदी बाजार थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडेय ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद से ही पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस और एसईसीएल की टीम द्वारा मिट्टी में दबे ग्रामीणों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन रात भर चलता रहा । आज सुबह 6 बजे मिट्टी में दबे तीनो व्यक्ति के शव को बाहर निकाल लिया गया है।ढ्ढपूर्व आईएएस और भाजपा सरकार के वर्तमान वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा 18 मई 2022 को अपने ट्विटर हैंडल से एक वीडियो प्रसारित किया गया था। इसे कोरबा जिले के गेवरा माइंस में कोयला की लूट का वीडियो होना बताया गया था। इस वीडियो की वजह से पुलिस और प्रशासन की फजीहत हुई। राजनीतिक बयानबाजियों का भी दौर चला। बिलासपुर रेंज के आईजी रतनलाल डांगी ने वीडियो की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया था। कोयला खदान से हो खुलेआम लूट की गूंज पूरे देश मे हुई थी। इसके बाद एसईसीएल की कोयला खदान से खुलेआम लूट तो बंद हुई लेकिन एसईसीएल चोरी रोकने में असफल रहा। यही वजह है कि आज भी कोयला चोरी का खेल बदस्तूर जारी है।

स्वर्ण बिन्दु प्राशन से बच्चों की स्मरण शक्ति होती है तीव्र- डॉ. नागेन्द्र शर्मा

कोरबा। चलो आयुर्वेद की ओर शिमन के तहत बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थयोजनान्तर्गत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं पतंजलि चिकित्सालय निहारिका के संयुक्त तत्वाधान में नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा पतंजलि चिकित्सालय, निहारिका रोड कोरबा में दिनांक 22 फरवरी 2024 गुरुवार को अति शुभ गुरु पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु संस्कार शिविर लगाया गया।

जिसमें बच्चो को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया गया। साथ ही बच्चों के सयास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये बच्चों को एवम उनके अभिभावकों को बच्चों की आयुनुसार उनके लिए उपयोगी आहार विहार के विषय मे विस्तार से बताते हुए उनके लिए उपयोगी योग प्राणायाम का भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया। स्वर्ण प्राशन के बारे में बताते हुए संस्थान के चिकित्सक वैद्य डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने कहा कि स्वर्ण प्राशन शुद्ध स्वर्ण भस्म के साथ शहद, गोघृत, ब्राह्मी , वचा, गिलोय, अश्वगंधा, शंखपुष्पी आदि से बनी हुई दिव्य औषधि है। जो बच्चो को विलक्षण प्रतिभाशाली बनाने के लिये अमृततुल्य वरदान है।जिसे पुष्य नक्षत्र में देने से बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ने के साथ साथ उनकी स्मरण शक्ति तीव्र होकर उनकी रचनात्मक एवम क्रियात्मक विकृतियां दूर होती हैं।स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार में लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल, सचिव लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन गजेंद्र राठौड, लायन सुधीर सक्सेना, लायन प्रत्युष सक्सेना, लायन शांता मडावे, लायन संतु साहू, लायन मनोज मिश्रा, लायन नेत्रनन्दन साहू, लायन कमल धारीया, लायन अश्विनी बुनकर, देवबलि कुंभकार, राकेश इस्पात, सिद्धराम शाहनी, स्नेहा मिश्रा, हेमा बिंझवार, दामोदर साहू, हर्ष नारायण शर्मा, श्रीमती कमला कुंभकार एवं श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

जंगल के जल स्त्रोत सूखे, पानी के लिए वन्य प्राणी होने लगे परेशान

कोरबा। गर्मी की दस्तक के साथ ही जंगलों में पानी के लिए वन्य प्राणियों की परेशानी बढ़ गई है। पानी की तलाश में चीतल सड़क तक पहुंच रहे हैं इस वजह से हादसे का शिकार होने का खतरा बढ़ गया है। पिछले कुछ सालों में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें वन्य प्राणियों की जान जा चुकी है। जिले में एक मड़वारानी और दूसरा दमिया जंगल में सबसे अधिक चीतल है। पिछले साल दोनों ही जंगल में आधा दर्जन से अधिक चीतलों की सड़क हादसे और कुत्तों के हमले की वजह से जान चली गई थी। दरअसल गर्मी में जलस्त्रोत पूरी तरह से सूख जाते हैं। पानी की तलाश में गांव के करीब तक चीतल पहुंच जाते हैं। कई बार भटकते हुए हाइवे तक आ जाते हैं जहां वाहनों की टक्कर से उनकी जान चली है। पिछले साल मड़वारानी के जंगल में वन विभाग ने एक अस्थाई पोखरी का निर्माण कर पानी का भराव कराया था। हर साल गर्मी के सीजन में इस तरह की समस्या सामने आती है। इसके लिए ऐसे जंगलों में व्यापक तौर पर सर्वे करके व्यवस्था करने की जरुरत है। गर्मी से पहले कई छोटे-छोटे जलस्त्रोत बनाये चाहिए ताकि पानी के लिए वन्यप्राणियों को जंगल से बाहर नहीं आना पड़े। जंगल के भीतर पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण जंगली जानवर सड़क किनारे और गांव के करीब पहुंच रहे हैं।पांच साल पहले यह प्रस्ताव बनाया गया था कि चीतलों के रहवास क्षेत्र में कई विकास कार्य किए जाएंगे। बकायदा इसके लिए फंड भी स्वीकृत किया गया, लेकिन बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। वन विभागों के पास आज की स्थिति में कितने चीतल हैं इसकी संख्या भी नहीं है। विभाग द्वारा चीतलों की सुरक्षा को लेकर कोई पहल नहीं किए जाने से अकाल काल के गाल में समा रहे हैं।

लाभार्थी संपर्क अभियान पर कोरबा में हुई भाजपा की कार्यशाला

कोरबा। भारतीय जनता पार्टी कोरबा लोकसभा क्षेत्र की लोकसभा स्तरीय लाभार्थी संपर्क योजना की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई।

उक्त कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री एवं अभियान के प्रदेश सह संयोजक विकास महतो ने बताया कि लाभार्थी संपर्क योजना अंतर्गत कोरबा लोकसभा के भाजपा कार्यकर्ता कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लाभार्थियों से संपर्क कर उनसे संवाद करेंगे। इस दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में उनसे मिलकर चर्चा भी करेंगे, लाभार्थी संपर्क अभियान की शुरुआत 25 फरवरी से होगी। जिसमें प्रदेश के सभी 11 लोकसभा क्षेत्र में यह अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत कोरबा लोकसभा में 1 मार्च से 3 मार्च तक यह अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के अंतर्गत कोरबा, कटघोरा, रामपुर, पाली-तानाखार, बैकुंठपुर, मनेंद्रगढ़, भरतपुर सोनहत, मरवाही विधानसभा सीटों में भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताएंगे और केंद्रीय योजनाओं के लाभ ले रहे लाभार्थियों से मिलेंगे। भाजपा प्रदेश मंत्री एवं अभियान के प्रदेश सह संयोजक विकास महतो ने कहा कि पूरे प्रदेश भर में यह अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत प्रदेश की सभी 11 लोकसभा क्षेत्र की लोगों से भाजपा कार्यकर्ता लगातार संपर्क करेंगे और केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार जिस तेजी से कार्य कर रही है और हर गारंटी को पूरा कर रही है इसकी शुरुआत भाजपा की प्रदेश सरकार ने अपने शुरुआती दो महीना के भीतर ही कर दी है।

महतो का दर्री में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

कोरबा। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री विकास महतो का गुरुवार को दर्री मंडल में प्रथम आगमन पर गाजाबाजा और आतिशबाजी के साथ पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। जिसके पश्चात भारत माता,पंडित दिन दयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यकर्म की शुभारंभ किया गया।

एनटीपीसी ने लगाया नेत्र जांच शिविर

कोरबा । कल एनटीपीसी कोरबा द्वारा नैगम सामाजिक उत्तर दायित्व के तहत मैत्री महिला समिति के सौजन्य से एनटीपीसी चिकित्सालय कोरबा में नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में परियोजना प्रभावित व आस पास गांव के 142 लोग अपनी भागीदारी निभाकर लाभान्वित हुए,जिसमें महिलाएं, पुरुष व बच्चे शामिल हैं।

शिविर का उद्घाटन माननीय परियोजना प्रमुख एनटीपीसी कोरबा मधु एस सर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अर्नब मैत्रा, महाप्रबन्धक (प्रचालन एंड मेंटेनेंस), एस.पी. सिंह, महाप्रबन्धक (ईधन रखरखाव), सोमनाथ भट्टाचार्य, महाप्रबन्धक (मेंटेनेंस), मनीष वर्सत साठे, महाप्रबन्धक (ऐश डार्फक प्रबंधन), डॉ विनोद कोल्हटकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, शशि शेखर, अपर महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) तथा श्रीमती कस्तूरी मैत्रा, कार्यकारी अध्यक्ष, मैत्री महिला समिति, श्रीमती रेखा श्रीवास्तव, महासचिव मैत्री महिला समिति तथा , मैत्री महिला समिति के सभी पदाधिकारी, क्षेत्र के पार्षद गण, चिकित्सालय एवं सी एस आर की पूरी टीम की उपस्थिति रही। मधु एस, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा ने कहा कि, यह शिविर आसपास के गांवों के स्थानीय लोगों के आंखों की समस्याओं तथा नेत्र दृष्टि को बेहतर करना का प्रयास करेगा। उन्होंने आगे बताया कि जिन लोगो को देखने में कष्ट हो या कोई भी आखों की समस्या हो, उनका एनटीपीसी कोरबा चिकित्सालय में जांच किया जायेगा तथा सही दवाई भी दी जाएगी जिससे उनकी नेत्र दृष्टि बेहतर हो।सीएसआर, एमएमएस एवं पार्षद के सहयोग से यह शिविर सफल रहा, डॉ विनोद कोल्हटकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा। उन्होंने यह भी बताया कि एनटीपीसी कोरबा अस्पताल में आज 150 से अधिक मरीजों का इलाज किया गया जिनको आँखों में दिक्कत थी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनटीपीसी कोरबा विनोद कोल्हटकर के कुशल मार्गदर्शन में शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

वादे के अनुरूप नहीं दिया रोजगार,खदान में फिर उतरे बेरोजगार ग्रामीण

गेवरा//दीपका। साउथ ईस्ट कोलफील्ड लिमिटेड एसईसीएल गेवरा परियोजना से प्रभावित ग्राम नराईबोध भठोरा भिलाई बाजार धरमपुर रलिया अमगांव सराईसिंगार के बेरोजगार ग्रामीणों ने रोजगार की मांग पर एसईसीएल गेवरा परियोजना के खदान में 19 फरवरी सोमवार को खदान में घुसकर घंटों प्रदर्शन करते हुए एसईसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनियों से रोजगार की मांग किया गया था इस पर प्रबंधन व कंपनियों के द्वारा कहा गया था कि 20 फरवरी मंगलवार को रोजगार को शुरूआत किया जाएगा और एक हफ्ते के भीतर सभी बेरोजगारों को कंपनियों में रोजगार में नियोजित जल्द ही कर लिया जाएगा लेकिन एसईसीएल प्रबंधन व कंपनी के अधिकारियों ने अपने वादे से मुकर गए बेरोजगार ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और 21 फरवरी बुधवार को बेरोजगार ग्रामीण सुबह 8 बजे से खदान में धमक गए 2 बजे तक तकरीबन 6 घंटे प्रदर्शन के बाद एसईसीएल प्रबंधन व आउटसोर्सिंग कंपनियों के अधिकारियों ने चार बेरोजगारों को नियोजित करने की पहल किया गया तब जाकर आंदोलन को स्थगित किया और कहा गया जब तक सभी बेरोजगारों को आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार नहीं दे देती तब तक आंदोलन व संघर्ष जारी रहेगा । विनोद कुर्रे तुलेश्वर बैरागी कुश बंजारा ने बताया कि कई दफे गेवरा खदान में बेरोजगारों की रोजगार की मांग को लेकर खदान को बंद किया गया है तीन दिन पहले भी खदान को बंद किया गया था और प्रबंधन व कंपनी के अधिकारियों ने आश्वस्त किया था कि मंगलवार से कंपनियों में भर्ती की प्रक्रिया शुरू किया जाएगी तथा एक हफ्ता के भीतर सभी बेरोजगारों को आउटसोर्सिंग कंपनियों में नियोजित कर लिया जाएगा लेकिन बार-बार अपने आश्वासन वादे से गुमराह व धोखा दिया है जिसे लेकर खदान में प्रदर्शन किये हैं इस बात पर प्रबंधन व कंपनी गंभीरता से नहीं लिये तो खदान में उग्र आंदोलन की तैयारी की जा रही है ।

विजय संकल्प शंखनाद, गृह मंत्री ने कहा-लोगों का विश्वास भाजपा पर

जांजगीर-चांपा। भारतीय जनता पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव का विजय संकल्प का शंखनाद करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हुँकार भरी कि आने वाला चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है।आने वाला चुनाव देश को पूर्ण विकसित और भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लिए महत्वपूर्ण चुनाव है। सन 2014 में 11 में से 10 सीटें भाजपा को आपने दी, 2019 में 11 में से 9 सीटें भाजपा को दी और विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा बहुमत से भाजपा की सरकार बनाई और एक नाकारा सरकार जिसने न तो नक्सलवाद पर लगाम कसी और न ही छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ न्याय किया उसे आपने उखाड़ फेंका।गृहमंत्री शाह गुरुवार को जांजगीर के हाई स्कूल मैदान में भाजपा की विजय महासंकल्प शंखनाद रैली में महती जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

अमित शाह ने कहा, मैं तो आज राम के ननिहाल में आया हूँ। छत्तीसगढ़ राम का ननिहाल है। 500 साल से रामलला अपने घर में नहीं विराज पाए थे, मंदिर नहीं बना था, कांग्रेस ने साढ़े 500 साल से लटके हुए मसले को 75 सालों में समाप्त नहीं किया, जबकि मोदी ने 22 जनवरी को रामलला के मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर राम मंदिर का संकल्प पूरा किया। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार अभी-अभी बनी है। गुजरात में कहावत है पूत के लक्षण पालने से ही मालूम पड़ते हैं। 2 महीने में ही लगभग लगभग 30 प्रतिशत मोदी गारंटी को विष्णु देव साय की सरकार ने पूरा कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने पुरजोर अपील की कि इस बार पूरे छत्तीसगढ़ की 11 की 11 लोकसभा सीटें जीतकर कमल खिलाएँ, मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएँ, मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत बनाएँ मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत बनाएँ।

आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारी सरकार अभी दो महीने की है। मोदी की गारंटी में भाजपा ने जो वादे किए हैं उसको पूरा करने की दिशा मे भाजपा की प्रदेश सरकार ने कदम बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री आवास का निर्णय ले लिया गया है, 2 साल के धान के बकाया बोनस 3716 करोड रुपए का भुगतान कर दिया गया है, 3716 करोड रुपए में किसानों के खाते में भेजा जा चुका है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी हुई है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव मोदी का चुनाव है, जो देश के लिए काम करते हैं। भारतीय जनता पार्टी देश में सरकार बनाने के लिए काम नहीं करती, अपितु यह पूरे वर्ष देश की सेवा करने के लिए कार्य करती है। केंद्र में भाजपा की सरकार बनने से पहले देश में जगह-जगह बमबारी होती थी लेकिन पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐसी कोई घटनाएँ नहीं हुई है। शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि मोदीजी की सरकार बनाने के लिए जांजगीर से भाजपा का सांसद दिल्ली पहुँचे और इसमें जितने कार्यकर्ता साथी हैं, पूरे प्राण-पण से जुट जाएं।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को बने 10 साल हो गए हैं। इन 10 वर्षों में गाँव-गरीब और किसान की तरक्की का काम हुआ है। साव ने कहा कि जांजगीर लोकसभा में फिर से एक बार पूरी ताकत लगा कर कमल खिलाना है। सभा संचालन करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने किया। वही सभा को वित्त मंत्री ओपी चौधरी पूर्व सांसद कमला देवी पतले निर्मल सिंह आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में देर से पहुंचने के कारण कार्यकर्ता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति एवम नीरस भाषण से नाराज नजर आए वही कार्यक्रम के समापन होने पर कार्यकर्ता फ्लेक्सी कट आउट को आदि को उखाड़ कर ले गए।

शिवरीनारायण में मनाया गया गद्दी महोत्सव

जांजगीर चांपा। शिवरीनारायण मठ में गद्दी महोत्सव का पर्व बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। मठ मंदिर के उपरोहित राजू शर्मा एवं उनके सहयोगियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना, हवन, परिक्रमा का कार्य संपन्न कराया तत्पश्चात राजेश्री महन्त महाराज गद्दी पर आसीन हुए। श्री जगदीश मंदिर के पुजारी त्यागी जी महाराज ने पूज्य महाराज जी का तिलक लगाकर आरती की उन्हें पुष्पमाला, साल, द्रव्य, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास जी ने उन्हें तिलक लगाकर शाल, श्रीफल, पुष्पमाला अर्पित करके आशीर्वाद प्राप्त किया तदुपरांत मठ मंदिर के संत महात्माओं एवं नगर तथा दूर दराज के क्षेत्र से आए हुए श्रद्धालु भक्तों ने बारी-बारी से महाराज श्री का अपनी श्रद्धा भक्ति पूर्वक पूजन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। अंततः राजेश्री महन्त जी श्रद्धालु भक्तों एवं सहयोगियों सहित बड़े मंदिर में भगवान शिवरीनारायण के दरबार में उपस्थित हुए और उनकी विधिवत् पूजा अर्चना कर संपूर्ण जगत के कल्याण की कामनाएं की। उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण मठ में वर्ष में दो बार गद्दी महोत्सव का कार्यक्रम परंपरागत रूप से संपन्न होता है।

गद्दी महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम स्थल को पंडाल एवं पुष्पमाला तथा विद्युत की रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था। शिवरीनारायण मठ में गद्दी महोत्सव के अवसर पर नगर एवं आसपास के लोग तो बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शिवरीनारायण मठ के ट्रस्टी ज्योतिंद्रनाथ ठाकुर, राघवेंद्र प्रताप सिंह, बृजेश केसरवानी, हेमंत दुबे तथा पूर्णेन्द्र तिवारी,वीरेंद्र तिवारी, सुबोध शुक्ला, योगेश शर्मा , राधेश्याम शर्मा, भगत राम शर्मा,गोपाल अग्रवाल, प्रमोद सिंह, लक्ष्मी सिंह, अमित आचार्य,मनीष वैष्णव, सुशील कुमार साहू, शशिकांत सिंह, निरंजन लाल अग्रवाल,देवालाल सोनी, भुवनेश्वर दास वैष्णव, गजेंद्र दास वैष्णव, प्रतीक शुक्ला, जगदीश यादव, दिलीप श्रीवास, आदित्य , मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे, नवीन शर्मा, पवन सुल्तानिया, अवधेश सिंह सहित अनेक ल मनोज खरे, डॉक्टर ने के साहू, दिलीप तिवारी,प्रिंसु तिवारी,केशव अग्रवाल उपस्थित थे।

100 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

बारागद्वार। ग्राम रायपुरा में बड़ी मात्रा में अवैध शराब बेचने वाले ग्रामीण को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी से 100 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया। आरोपी को पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

अग्निवीर (वायुसेना) में भर्ती हेतु जिले के युवाओं को मिल रहा निःशुल्क कोचिंग

जांजगीर-चांपा। भारतीय वायुसेना (अग्निवीर) में भर्ती हेतु लिखित ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी मोड) के लिए निःशुल्क कोचिंग जिला प्रशासन द्वारा प्रारम्भ की गई है। जिला रोजगार एवं मार्ग दर्शन केन्द्र अधिकारी एम आर जायसवाल के संचालन व्यवस्था में रोजर्निंग जनरल अवरनेश (आरएजीए) अंग्रेजी,भौतिक,गणित विषयों की कोचिंग विषय विशेषज्ञों द्वारा दी जा रही है। जिसमें आटीआई कुलिपोटा, अकलतरा, शा पालीटेक्निक के छात्र सहित जांजगीर चाम्पा के युवा निःशुल्क कोचिंग ले रहे हैं । अग्निवीर में भर्ती हेतु महिलाओं में खासा उत्साह है। कोचिंग ले रही आटीआई की छात्राओं ने बताया कि वे अग्निवीर में भर्ती के लिए खासे उत्साहित हैं । जिला प्रशासन की इस पहल का उन्हें खासा लाभ मिल रहा है। भारतीय वायुसेना/थलसेना में (अग्निवीर) भर्ती द्वारा युवाओं की सहभागिता बढ़ाने हेतु अग्निवीर में भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन 17 जनवरी 2024 से 11 फरवरी 2024 तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन निर्धारित की गई थी। जिसमें इस जिले से 443 युवाओं द्वारा वायु सेना अग्निवीर में भर्ती हेतु आवेदन किया गया है। जिला प्रशासन जांजगीर चांपा द्वारा उक्त पंजीकृत युवाओं को वायु सेना अग्निवीर की सीईई परीक्षा में लाभ प्राप्त हो सके इस उद्देश्य से निःशुल्क कोचिंग प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा 19 फरवरी 2024 प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक अग्निवीर वायुसेना भर्ती हेतु सीईई के लिए कोचिंग प्रारंभ की गयी है। इच्छुक युवा प्रातः 11 बजे से जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा में उपस्थित होकर कोचिंग में शामिल हो सकते है।



उत्साह के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

बडामुंडा। रेलनगरी बंडामुंडा में बुधवार की रात विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की प्रतिमाओं का हर्षोल्लास के साथ नदी व तालाब घाट पर विसर्जन किया गया। बंडामुंडा सी-सेक्टर मुख्य मार्ग गोल्डन क्लब और स्टेशन रोड स्थित स्टार बॉयज क्लब के सदस्यों ने भी बड़े ही उत्साह के साथ मां सरस्वती का प्रतिमा विसर्जन किया। विसर्जन यात्रा के दौरान क्लब के सदस्यों की टोली संगीत की धुन पर थिरकते नजर आए। प्रतिमा विसर्जन को देखने रेलवे कॉलोनी के प्रत्येक गली मोहल्ले में लोगों की भिड़ जुट गई। इसके बाद निर्धारित घाटों पर मां की प्रतिमा का विसर्जन किया।

निविदा फार्म देने से अधिकारी ने किया इनकार

जांजगीर चांपा। अटल बिहारी ताप विद्युत संयंत्र मडवा के सिविल ब्रांच के अधीक्षण अभियंता द्वारा जोनल वर्क के कार्य का निविदा फार्म ठेकेदार को देने से इनकार कर दिया गया है जिससे ठेकेदार ने उक्त निविदा में भ्रष्टाचार किए जाने का अंदेशा जताते हुए उच्च अधिकारियों से कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। ज्ञात हो कि वरद लैंड स्केपरस ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा फर्म के संचालक द्वारा कार्यपालक निदेशक को विभाग में गफलत बाजी होने की शिकायत की है। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि

कार्यालय अधीक्षण अभियंता (सिविल) वृत्त एक द्वारा जारी निविदा हेतु निविदा प्रपत्र जारी नही करने से वह उक्त कार्य से वंचित हो गया है। उन्होंने बताया कि जब वह कार्यालय अधिक्षण अभियंता (सि.) वृत्त एक जारि निविन के. स्थ्रद्द-ड्ढ),स्ङ्कञ्जक्र8024 7 ज्ञ-03 के कार्य करने हेतु 20 फरवरी 2024 को कार्यालय गया तो संबंधित कार्यालय के लिपिक श्रेणी 2 ने निविदा फार्म देने से मना कर दिया । उनसे इस संदर्भ में पूछने पर उन्होंने अधिकारियों से बात करने की बात कही । जब इसी दिन 20/02/2014 को कार्यालय मे निविदा फार्म नहीं मिला तो वरद लैंड स्केपर्स के प्रोपराइटर ने कार्यपालन अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता से संपर्क कर निविदा फार्म देने की बातें कही किंतु यहां भी उनकी कोशिश बेकार गई ।

//शपथ पत्र//

समक्षः-श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय कोरबा छग

मैं मनोज साहू, उम्र-35 वर्ष पिता श्री घासीराम साहू, निवासी-बुधवारी बाजार वार्ड नं. 21 कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि - यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ तथा मेरा आधार कार्ड नंबर 7280 9356 0187 है।

मेरे पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम कोरबा से जारी कराया था जिसका पंजीयन संख्या B-2021-22-90172-001053, जारी दिनांक 09.03.2021 है। जिसमें त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश अंग्रेजी में UVANSHI SAHU दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम अंग्रेजी में YUVANSHI SAHU है।

मैं मेरी पुत्री के उक्त जन्म प्रमाण में उसका सही नाम अंग्रेजी में YUVANSHI SAHU दर्ज कराना चाहता हूं।

यह शपथ उपरोक्त कथनों के संबंध में निष्पादित किया गया है कि संबंधित कार्यालय / विभाग में आवश्यकतानुसार प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
मनोज साहू
बुधवारी वार्ड क्रमांक 21
कोरबा छ.ग.
(सील)

*जांजगीर-चांपा । जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप ने जिला मुख्यालय में मेडिकल कालेज का मुद्दा विधानसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि जिले में सुविधायुक्त जिला अस्पताल है, नर्सिंग कालेज भी है। यहां मेडिकल कालेज की घोषणा पूर्व में हो चुकी है।

कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला कोरबा छ.ग.

कलेक्ट्रेट परिसर, कोसाबाड़ी कोरबा छ.ग. 495677

Email- ddvskorb.cg@nic.in | korbaddvs@gmail.com

क्र. 1977/पपा/डीएमएफ/प्रस्ताव/2023-24 कोरबा, 14.02.2024

-: शुद्धि पत्र :-

कार्यालयीन पत्र क्र. 1921/पपा/डीएमएफ/प्रस्ताव/2023-24 कोरबा, दिनांक 08.02.2024 द्वारा जिले में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारियों के 15 रिक्त पदों हेतु विज्ञापन जारी किये गये थे। उक्त हेतु विज्ञापन एवं आवेदन पत्र में भिन्नता पाई गई है। जिस हेतु आवेदन पत्र में जारी कंडिका क्र. 05 में ''कोरबा जिले के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता'' को विलोपित किया जाता है। इसके स्थान पर सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है, पढ़ा जावे।

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
जिला कोरबा छ.ग.

जी-07976/4

स्तुति महिला मंडल ने कराया वार्षिक खेल उत्सव

जांजगीर।- अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) मड़वा के आवासीय परिसर में स्तुति महिला मंडल (जूनियर क्लब) द्वारा वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन कराया गया। स्तुति महिला मंडल की अध्यक्ष रितु रेड्डी की उपस्थिति में महिला मंडल के पदाधिकारियों द्वारा बच्चों के बीच स्पून रेस, रिले रेस, बलून रेस, फ्रॉग जम्प, स्लो साइकिल, बिस्कुट रेस एवं महिलाओं के बीच रेस, स्पून रेस, म्यूजिकल रेस कराया गया।

इस खेल स्पर्धा में बच्चे रेयांश रेड्डी, हार्दिक खैरवार, श्रुति पाठक, अक्ष देवांगन, आयांश सिदार, भूमिका साहू, नेहा गावड़े, यशु साहू, प्रेम उपाध्याय, दिव्यांश साई, राहुल चेस्कर, सोम साहू, अरुण किसान, देवांश हलदर,मानसी, तेजस, छाया,सीखा, टोस्टी, नयॉन, अदिति, सृष्टि पाठक, समीर, यशु, जयंत विजयी रहे। इसके अलावा महिलाओं में रुबि

चंद्राकर, हेमलता पैकरा,गीतांजलि साहू, कुसुम साहू, पायल विजेता बनीं। इस खेल आयोजन में स्तुति महिला मंडल की सचिव सीमा देवांगन, खेल प्रभारी अनुराधा खैरवार, सांस्कृतिक सचिव रंजना साय, कोषाध्यक्ष सुनीता ध्रुव ,सहसचिव हीना पाठक और मीरा सिंह की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यालय नगर पालिका परिषद चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

//तृतीय निविदा सूचना//

क्रमांक/3919/ली.नि.वि./न.पा./2023-24 चांपा, दिनांक 21.02.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सिविल कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से मैनुअल निविदा लोक निर्माण विभाग के दिनांक 01.01.2015 से पंचलित भवन/सड़क एवं 01.06.2020 पी.एच.ई. एसओआर कार्य हेतु दर अनुसूची पर प्रपत्र ''अ'' में आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28.2.2024 सांयकाल 5.00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र हेतु रसीद कटने एवं प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 01.03.2024 सांयकाल 5.00 बजे तक।
3. निविदा स्पीड पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 6.3.2024 सांयकाल 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि दिनांक 6.3.2024 सांयकाल 3.30 बजे से।

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (राशि रू. लाख में)
1	वार्ड नं. 20 में दुग्गड़ उद्यान से थाना के पास तक पाईप लाईन विस्तार कार्य। (पी.एच.ई. एसओआर)	5.80

निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है। पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद चांपा

सर्वधर्म शास्त्रों में शिरोमणि है गीता: बीके शशिप्रभा

अकलतरा । ग्राम बरगवां के गुड़ी चौक पर आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा गांव मे भ्रमण कर वापस कथा स्थल गुड़ी चौक पहुची। श्रीमद् भागवत गीता के शुभारंभ अवसर पर व्यास पीठ से ब्रह्माकुमारी शशि प्रभा दीदी ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता सर्व शास्त्रों में शिरोमणि है। यह केवल हिन्दू धर्म का एक शास्त्र नहीं बल्कि समस्त मानव जाति का शास्त्र है। इसलिए सभी को इसका अनुसरण करना चाहिए।

विधायक हरवंश ने सदन में उठाया आयुष्मान कार्ड का मामला

जांजगीर चांपा। पामगढ़ क्षेत्र की समस्याओं एवं जनहित से जुड़ी मुद्दों को लेकर के विधानसभा पामगढ़ के विधायक शेषराज हरवंश के द्वारा विधानसभा सत्र में निरंतर जोर-जोर से मुद्दा उठाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आयुष्मान कार्ड के संबंध में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए सदन में मामला उठाया। आयुष्मान कार्ड तो बन गया है लेकिन उसका समुचित लाभ हितग्राहियों को नहीं मिल रहा है। उसमें कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिनको समस्या आ रही है उनका समाधान भी संभव नहीं हो पा रहा है। विधायक शेषराज हरबंश ने कहा कि आयुष्मान व खूबचंद बघेल योजना के तहत इलाज करने वाली नोडल एजेंसी का कार्यालय नया रायपुर में शिफ्ट कर दिया गया है। अब हर आवेदन करता को कह दिया जाता

है कि आवेदन नया रायपुर में दिया जाएगा। यह स्थिति शिकायतों के निदान की है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पुरानी व्यवस्था लागू होनी चाहिए। पहले यह कार्यालय शास्त्री चौक स्थित डीकेएस अस्पताल के पीछे था। वर्तमान में ऐसे कई प्रकरण है जिनके कार्ड किन्हीं तकनीकी कारणों से ब्लॉक हो जाता है दूरस्थ गांव से आए पीड़ितों को अपना कार्ड ठीक करवाने के लिए नया रायपुर जाना पड़ रहा है। रायपुर से 30 से 35 किलोमीटर दूर जाकर अपनी दिक्कतों को दूर करने का प्रयास कितना दुभर है समझा जा सकता है। वहां जाने की साधन मिलते हैं न सुविधा। विधायक ने शासन से यह मांग की कि आयुष्मान कार्ड का समस्त हितग्राहियों को आसानी से लाभ प्राप्त हो कोई भी उनके लाभ से वंचित न रहे ऐसी व्यवस्था लागू की जाए। तभी आयुष्मान कार्ड बनाना सार्थक होगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने समस्याओं का निराकरण करने की बात कही।



जिला प्रशासन द्वारा रोका गया बाल विवाह

जांजगीर-चांपा । महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से आज एक नाबालिग कन्या का विवाह से रोका गया। बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर आकाश कुमार छिकारा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास श्रीमती अनिता अग्रवाल, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सूर्यकांत गुप्ता एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व में टीम तैयार कर एवं पुलिस विभाग के सहयोग से प्राप्त तरीद में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होते ही सूचना स्थल पर जाकर पतासाजी की गई।

जहां बालिका की अंकसूची की जांच की गई, बालिका का उम्र 16 वर्ष 11 माह 02 दिन होना पाया गया। जिसका विवाह पोपरसत्ती निवासी लड़के के साथ 24 फरवरी 2024 को निर्धारित था। उम्र सत्यापन पश्चात् परिवार को समझाईश देकर बाल विवाह रोका गया। टीम में परियोजना अधिकारी रवि शर्मा, जिला बाल संरक्षण इकाई से पुष्पेन्द्र मरकाम सामाजिक कार्यकर्ता चाइल्ड लाइन से निर्भय सिंह, जोहित कुमार कश्यप, भुपेश कश्यप पर्यवेक्षक श्रीमती अनिता साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती भुवनेश्वरी पाटले, श्रीमती अंजली सिंह, श्रीमती बीना चैबे ग्राम सरपंच, पंच एवं पुष्पराज चंदेल प्रतिष्ठित नागरिक का विशेष सहयोग रहा।

ज्ञात हो कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। यदि कोई व्यक्ति 21 वर्ष से कम आयु का लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसमें सहायता करता है तथा बाल विवाह को बढ़ावा देता है अथवा उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है को 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

जांजगीर। शासकीय टीसीएल पीजी महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली शांति नगर, बस स्टैंड होते हुए महाविद्यालय पहुंची। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसके मधुकर ने मतदान का शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रोफेसर रमाकांत पांडेय, जिला सहायक स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी, राजेश चंद्रा, धनेश्वरी पटेल व छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

अनमोल वचन

इंसान का बड़प्पन उसकी हैसियत नहीं,इंसानियत तय करती है।

मराठा आरक्षण के बावजूद

मुद्दा यह है कि क्या आरक्षण से गरीबी या शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या दूर हो जाएगी। क्या ऐसा पहले से आरक्षण प्राप्त समुदायों में हो गया है। तमाम अध्ययन और अनुभव बताते हैं कि ऐसा नहीं हुआ है। महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए विधानसभा से विधेयक पारित करा लिया है। यह प्रावधान इस रूप में किया गया है, जिससे ओबीसी समुदाय नाराज ना हो। मराठा संगठन ओबीसी श्रेणी के अंदर आरक्षण मांग रहे थे, लेकिन राज्य सरकार ने उनके लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान किया है। इस तरह ये आरक्षण 50 प्रतिशत की उस सीमा से बाहर होगा। यह सीमा सुप्रीम कोर्ट ने लगा रखी है। वैसे यह सीमा आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान के साथ पहले ही टूट चुकी है। तो उसे मिलाकर अब महाराष्ट्र में सरकारी नौकरियों और शिक्षा संस्थानों में कुल आरक्षित सीटों की संख्या 70 प्रतिशत हो जाएगी। तो क्या नई व्यवस्था न्यायिक परीक्षण में खरी उतरेगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि चूंकि कई राज्यों में 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण लागू किया गया है, तो महाराष्ट्र में भी यह टिकाऊ होगा। हाल ही में बिहार में आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दी गई है। लेकिन मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल को शिंदे की बात पर भरोसा नहीं है। पाटिल ने कहा है कि महाराष्ट्र सरकार ने अलग श्रेणी के तहत जो आरक्षण दिया है, वह मराठा समुदाय को मंजूर नहीं है। मराठों को ओबीसी कोटे से ही आरक्षण चाहिए। महाराष्ट्र में मराठा समुदाय की आबादी 28 प्रतिशत है। यह समुदाय राजनीतिक तौर पर राज्य में सबसे प्रभावशाली माना जाता है। इसके बावजूद मराठा समुदाय में गरीबी रेखा से नीचे के 21.22 प्रतिशत परिवार हैं। मुद्दा यह है कि क्या आरक्षण से गरीबी या शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या दूर हो जाएगी। क्या ऐसा पहले से आरक्षण प्राप्त समुदायों में हो गया है। तमाम अध्ययन और अनुभव बताते हैं कि ऐसा नहीं हुआ है। बुनियादी वजह यह है कि आरक्षण की हर लड़ाई का मकसद मौजूद अवसरों में अधिक हिस्सा पाना है। जबकि ये अवसर इतनी संख्या में मौजूद नहीं हैं, जिनसे सबकी विकास एवं बेहतर जीवन की आकांक्षा पूरी हो। असल मुद्दा ऐसी आर्थिकी और विकास नीति का है, जिनसे मांग के अनुरूप ऐसे अवसर बढ़ें। लेकिन ये बात चर्चा से बाहर है।

राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य से भरा रहेगा। आज लक्ष्य को पाने के लिए निर्धारित तरीके से काम करें, आपको निश्चित ही सफलता मिलेगी। आज आर्थिक निवेश के लिए भी अनुकूल समय है। यह गतिविधियां भविष्य में लाभदायक रहेंगी। आज आपकी कोई योजना भी कार्यरूप में परिणित होगी, जिससे आप अपने अंदर एक नई ऊर्जा वर्धनिकसेस महसूस करेंगे।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपने किसी सखि संबंधी काम को करके खुशी महसूस करेंगे। आज संतान की किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सफलदायक रहेगा। छोटी संबंधी कोई योजना लाभ दे जाएगी। आज आप किसी भी तरह की उधारी अथवा लेनदेन ना करें। क्योंकि आज वृहत ऐसे कार्य भी होंगे जिन पर गहरी करना मुश्किल होगा।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। परिवार में खुशी भरा वातावरण रहेगा। किसी पारिवारिक अभिवर्धित व्यक्ति के लिए जीवन रिश्ता अपने की संभावना है। आपको प्रयास और मेहनत से आज कोई ध्यान इस कार्य संपन्न हो सकता है। मानसिक शांति और मनोबल बनाए रखने के लिए वृहत समय ध्यान अध्यात्मिकता स्थल पर जरूर लगाएं। आज अपने अंदर अद्भुत आत्मविश्वास और आत्मबल महसूस करेंगे।

कर्क राशिः आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपको लिए सफलता का कोई द्वार खुलने वाला है। हर काम को प्रैक्टिकल तरीके से पूरा करने की योजित करें। ज्यादा भावुकता और उदारता रखने से लोग आप का फायदा भी उठा सकते हैं। आज संतान की तरफ से संतोषजनक समाचार मिलेगा। आज व्यवहार में समय अनुसार लचीलापन रखेंगे। आज पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े लाभ सफल रहेंगे।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति से आपको बहुमूल्य उपहार मिलने के साथ ही जीवन मार्गदर्शन भी मिलेगा। आज आपकी मेहनत के वृहत लाभदायक परिणाम सामने आएंगे। घिरते वृहत समय से चल रही परेशानियों से भी राहत मिलेगी। इस खीर की महिलाएं अपने पारिवारिक दायित्वों को बखूबी निभाएंगी। छात्र आज व्यर्थ की बातों में ध्यान न देकर अपने पढ़ाई की ओर ध्यान लगाएंगे।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपको लंबे समय से चली आ रही किसी समस्या से राहत मिलने वाली है। अगर स्थान परिवर्तन करने की इच्छा है, तो समय बहुत अनुकूल है। आज अपने प्रयासों को अंजाम देने रहेंगे तो जीवन परिणाम हासिल होंगे। इस खीर के छात्र अपने लक्ष्य के प्रति ध्यान केंद्रित रखेंगे तो जल्द ही आपको शुभ अवसर मिलेंगे। आज व्यवसाय में मौजूदा कामों पर ही एकाग्र रहें।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके घर का माहौल भी अनुकूलित रहेगा। आज परेशानियां वृहत हद तक सही, लेकिन काम हो जाएंगे। आज आप किसी सामाजिक धार्मिक समारोह में जा सकते हैं जहां लोगों के साथ मेल मिलाप बढ़ेगा। आज केजाद की गतिविधियों में रुचि न लेकर काम की बातों पर ध्यान देंगे तो काम काम समय में पूरा हो जाएंगा। आज छोटी-छोटी बातों को ज्यादा अहमियत नहीं देंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके दिन की शुरुआत बेहद शुभ रहने वाली है। आपकी प्रियजनों से मुलाकात होगी। आज वृहत समय आत्म मनन, अध्यात्म आदि जैसे कामों के लिए जरूर निकालेंगे, इससे मानसिक सुकून बना रहेगा। छात्रों की शिक्षा संबंधी कोई स्थानांतर दूर होने से उन्हें राहत महसूस होगी।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लेकर आया है। इनकम के लिहाज से आज का दिन बहुत अच्छा है। आप अपनी सोच या बुद्धिमत्ता से हर समस्या का हल पाने में सक्षम रहेंगे। आज अपने घर के वातावरण में ध्यान आपको मानसिक शांति प्रदान करेगा। आपको बाकी अनुभवी बने रहेंगे। आपको किसी मांगलिक समारोह में आने का निमंत्रण मिल सकता है।

मकर राशिः आज का दिन आपके स्वास्थ्य में सुधार आने से आप अपने अंदर एक नई ऊर्जा महसूस करेंगे। पूरे आज विश्वास से अपने कामों पर ध्यान देना शुरू कर देंगे। किसी रिश्तेदार से संबंधित शुभ समाचार मिलने से भी मन में प्रफुल्लता रहेगी। वर्षों प्रयास किया हुआ या फंसा हुआ पैसा आज वापस हो जाएगा। निजी कामों में ध्यानदार आने से जिम्मेदारियां रहेगा। अपने ऊपर या अपने पर अगर नियंत्रण रखें।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप किसी क्षेत्र में लिजय हासिल कर ही लेंगे। आज आपका वृहत समय सामाजिक गतिविधियों में भी बीतेगा। आपका मेलजोल बढ़ेगा, यह संपर्क आपके लिए फायदेमंद भी साबित होगा। अगर आपकी कोई पेमेंट रुकी हुई है, तो आज प्रयास करने पर वसूल हो सकती हैं।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहेगा। आज अपने लक्ष्य को हासिल करना आपकी प्राथमिकता रहेगी और सफलता भी मिलेगी। आज किसी धार्मिक अथवा सामाजिक समारोह में जाने का अवसर मिलेगा। आज रिश्ते यहीं मजबूती बढ़ने में आपका विशेष योगदान रहेगा। अगर कोई यात्रा कर रहे हैं तो यात्रान भी रहेगी, लेकिन वह यात्रा फायदेमंद भी साबित होगी। आज किसी मित्र के सलाह आपके लिए सकारात्मक साबित हो सकती हैं।

भाजपा की उन्मुक्त भरती योजना

//अजीत द्विवेदी//

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले अलग अलग पार्टियों के नेताओं के लिए रोजगार मेला लगा रखा है। उसने पार्टी के दरवाजे के दोनों पट खोल दिए हैं, खिड़कियां भी खोल दी हैं और उन्मुक्त भर्ती योजना चला रखी है। कोई भी आकर पार्टी में शामिल हो सकता है। कई बार तो दरवाजे पर दस्तक देने की भी जरुरत नहीं समझी जा रही है। अंदर आइए और भाजपा का पटका रखा हुआ है उसे गले में पहन लीजिए और भाजपा के हो जाइए। अगर दूसरी पार्टी में कोई हैसियत है तो बड़े नेताओं से मिलना पड़ रहा है और तब पटका पहनाने की जिम्मेदारी भाजपा का कोई छोटा या बड़ा नेता निभा रहा है। इसके लिए बाजाब्ता एक कमेटी बनाए जाने की खबर है, जिसमें कई नेता शामिल हैं, जो दूसरी पार्टियों के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं।

ऐसे लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है, जो सक्रिय राजनीति में नहीं हैं, लेकिन अपने क्षेत्र में काबिले ए जिक्र काम किया है या जिनकी समाज में कुछ पहचान है। उनको भी उन्मुक्त भरती योजना के तहत पार्टी में शामिल किया जा रहा है। राजनीतिक रोजगार देने की भाजपा की यह योजना इस लोकसभा चुनाव की घोषणा तक चलती रहेगी।

इस योजना की खास बात यह है कि सरकारी नौकरियों की तरह इसमें पदों की संख्या सीमित नहीं है यानी जितने लोग आएंगे, उतने लोगों को भरती कर लिया जाएगा। जैसे कंपनियां इन दिनों इंस्टेंट कैशबैक की योजना चलाती हैं उसी तरह इंस्टेंट बेनिफिट की योजना भाजपा चला रही है। पहले सिर्फ एक बेनिफिट था कि पहले से चल रहे आपराधिक मामलों में राहत मिल जाती थी। केंद्रीय एजेंसियों की जांच धीमी पड़ जाती थी या थम जाती थी। लेकिन अब इसके साथ बेनिफिट बढ़ा दिए गए हैं। मिसाल के तौर पर कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आते ही अशोक चव्हाण को राज्यसभा की सीट मिल गई। आदर्श हाउसिंग घोटाले की जांच में जो राहत मिलेगी वह तो मिलेगी ही लेकिन तत्काल राज्यसभा भी मिल गई। यह भरती योजना शुरू होने से पहले भाजपा में शामिल हुए आरपीएन सिंह को भी इस योजना का लाभ मिला है और वे भी राज्यसभा की सीट हासिल करने में कामयाब हो गए हैं। तीन महीने पहले कमलनाथ मध्य प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव अभियान की कमान संभाल रहे थे और परिवारवाद व भ्रष्टाचार को लेकर माननीय प्रधानमंत्री के बार झेल रहे थे लेकिन वे भी भगवा पटका पहनने को बेकरार बताए जा रहे हैं। उनके खिलाफ सिख विरोधी दंगे चल रहे हैं। भांजे रतुल पुरी के खिलाफ तो आर्थिक अपराध के कई मामले हैं और 660 करोड़ रुपए की घोषित संपत्ति वाले बेटे नकुलनाथ पर भी नजर है।

सवाल है कि रोजगार मेला लगा कर थोक में विपक्षी नेताओं की भरती करने का भाजपा का यह अभियान रणनीतिक रूप से कितना कारगर हो सकता है। क्या ऐसा भी हो सकता है कि यह मुक्त भरती योजना उलटी पड़ जाए। क्या इससे राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रति लोगों के मन में सहानुभूति भी पैदा हो सकती है। अभी तक तो ऐसा लग रहा है कि भाजपा जीतता हुआ पक्ष है और उसने मुख्य विपक्षी पार्टी को तोड़ कर उसे बहुत कमजोर कर दिया है। इतना ही नहीं एक रणनीति के तहत भाजपा ने विपक्षी गठबंधन की सहयोगी पार्टियों को भी तोड़ा है। यानी गठबंधन तोड़ कर 'इंडिया' ब्लॉक के घटक दलों को एनडीए में शामिल कराया है। इससे मुख्य विपक्षी कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन दोनों बहुत कमजोर हुए हैं। लेकिन कई बार कमजोर दुश्मन ज्यादा घातक हो जाता है, खास कर चुनावी राजनीति में। कमजोर के प्रति सहानुभूति सहज होती है। इस बात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बखूबी समझते हैं तभी दोनों अपने को हमेशा पीड़ित यानी विक्टिम के तौर पर पेश करते रहते हैं।

दस साल तक प्रधानमंत्री रहने और पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के बाद भी नरेंद्र मोदी यह कहने से नहीं चूकते हैं कि उनके खिलाफ क्या साजिशें चल रही हैं, उनको कैसे काम करने से रोका जा रहा है, कैसे उनकी जाति की वजह से उनके साथ भेदभाव हुआ या हो रहा है, कैसे उन्हें दो-तीन किलो गालियां रोज पड़ती हैं, आदि-आदि। लेकिन क्या प्रधानमंत्री मोदी के विक्टिम होने का नैरेटिव अब भी चल पाएगा या लोग स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और राहुल गांधी को पीड़ित मानने लगेंगे? ध्यान रहे 10 साल पहले पीड़ित पक्ष मोदी थे और अत्याचारी कांग्रेस थी, जिसने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर मोदी को कई तरह से परेशान किया था। लेकिन अब खेल पलट गया है। ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस को कमजोर करने की धुन में भाजपा के शीर्ष नेताओं का सेंस ऑफ बैलेंस कमजोर हो गया है। यह काम संतुलित तरीके से नहीं हो रहा है। इतने प्रत्यक्ष और भोंडे तरीके से हो रहा है कि बिना समझाए लोगों को लगने लगा है कि विपक्ष को खत्म करने का प्रयास हो रहा है। तभी लोग भाजपा के सर्वशक्तिमान होने और 370 सीटें जीतने के दावे पर भी संदेह जताने लगे हैं। भाजपा के वैचारिक रूप से सबसे अलग होने और ईमानदार होने के दावे पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। ध्यान रहे कोई भी पार्टी वैचारिक विरोधियों को भरती करती है तो हो सकता है कि कुछ तात्कालिक फायदा हो लेकिन इससे उसकी बुनियाद कमजोर होती है।

पहले विपक्षी पार्टियां भाजपा को वाशिंग मशीन बताती थीं तो उस पर लोग ध्यान नहीं देते थे क्योंकि आर्थिक अपराध के इक्का दुक्का आरोपी नेता भाजपा में भरती हो रहे थे। दूसरे, ऐसे नेता भरती हो रहे थे, जिनको लेकर भाजपा ने कभी व्यापक और सुनियोजित अभियान नहीं चलाया था। जैसे हिमंत बिस्वा सरमा या शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ अगर भाजपा का कोई अभियान था भी तो वह असम और पश्चिम बंगाल तक ही सीमित था। लेकिन अशोक चव्हाण के खिलाफ तो अखिल भारतीय अभियान चला था। आदर्श हाउसिंग सोसायटी घोटाला कारगिल युद्ध के शहीदों के लिए बनी सोसायटी में हुआ था और भाजपा ने 2014 में इसे बड़ा मुद्दा बनाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र की सभा में कहा था कि उनकी सरकार बनने के छह महीने के भीतर अशोक चव्हाण जेल में होंगे। लेकिन जेल में जाना तो दूर 10 साल के बाद वही अशोक चव्हाण भाजपा के प्यारे हो गए हैं। उन्हीं की तरह शरद पवार परिवार के खिलाफ भाजपा का अभियान चला था लेकिन कथित तौर पर 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले के आरोपी अजित पवार भाजपा के साथ महाराष्ट्र की सरकार में शामिल हैं। भ्रष्टाचार के आरोपी और वैचारिक विरोधियों के निरंतर भाजपा का हिस्सा बनते जाने का मैसेज दूर तक गया है।

तभी खुले दिल से कांग्रेस या दूसरी विपक्षी पार्टियों के बड़े नेताओं के साथ साथ भ्रष्टाचार के आरोपियों को सीधे पार्टी में शामिल करने या उनके साथ गठबंधन करने का मसला अब आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। अब तक विपक्षी पार्टियां भाजपा पर आरोप लगाती थीं कि वह आरोपी नेताओं को अपनी वाशिंग मशीन में धोकर शुद्ध कर रही है लेकिन अब यह बात आम जनता के बीच और सोशल मीडिया में विमर्श और मजाक का विषय बन गया है। भाजपा के कोर समर्थक भी इससे दुविधा में आए हैं। उनको कांग्रेस या दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेताओं पर कोई भी आरोप लगाने में हिचक हो रही है क्योंकि किसी को पता नहीं है कि कौन, कब भाजपा में शामिल हो जाएगा। अब 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' का नारा अप्रासंगिक हो गया दिखता है। ईमानदारी और चाल, चेहरा, चरित्र अलग होने का नैरेटिव भी कमजोर हो गया है। अभी हो सकता है कि इसका नुकसान नहीं दिख रहा हो या लग रहा हो कि विपक्ष को कमजोर करके रसातल में पहुंचाने का अभियान सफल हो रहा है लेकिन बहुत जल्दी इसका असर दिखने लग सकता है। भाजपा के कोर समर्थकों में उदासीनता बढ़ रही है। उनमें वह उत्साह नहीं बचा है, जो 10 साल पहले मोदी को लेकर था और न कांग्रेस के प्रति वैसी नाराजगी या विरक्ति बची है। उलटे विपक्ष को खत्म करके भाजपा की जीत के प्रति आश्वस्ति का भाव जैसे जैसे बढ़ेगा मतदाताओं की उदासीनता उतनी तीव्र हो सकती है, जिसका नुकसान भाजपा को हो सकता है। शास्त्रों में 'अति सर्वत्र वर्जयेत' का मंत्र दिया गया है। भाजपा को भी अति से बचना चाहिए।

लोगों का मातम, पुतिन का जश्न!

//श्रुति व्यास//

नवेलनी की मौत के बाद रूस में क्या होगा। या यो कहें कि रूस का क्या होगा। पुतिन पर और पूरी दुनिया पर इसका क्या असर पड़ेगा। हालिया रपटों के मुताबिक रूस दो फांक हो गया है। भौगोलिक दृष्टि से नहीं । जो वैसे भी नहीं हो सकता क्योंकि रूस के अधिकांश हिस्से पर पुतिन का कड़ा नियंत्रण है। रूस के दो टुकड़े इस अर्थ में हो गए हैं कि एक हिस्से में नवेलनी की मौत का जश्न मनाया जा रहा है तो दूसरा हिस्सा मातम और सदमें में है। जो हिस्सा खुशी से फूला नहीं समा रहा वह शायद ज्यादा बड़ा है। ऐसा इसलिए क्योंकि रूस की प्रेस लगातार लोगों को बताती आ रही है कि पुतिन रूस के नायक हैं और नवेलनी उनके रास्ते में रोड़ा अटकाने वाले खलनायक।

सरकार द्वारा नियंत्रित 'रशिया टुडे' (आर.टी.) नवेलनी को बदनाम करने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहा है। नवेलनी को रुसी राष्ट्रवादी उपद्रवी बताया जा रहा है और कहा जा रहा है कि उनकी विरासत काफी उलझी हुई और पेचीदा है। नाटो के इस बयान कि नवेलनी की मौत के सिलसिले में पुतिन कई गंभीर सवालों के घेरे में है पर टिप्पणी करते हुए आर.टी. की मुखिया मार्गरिटा सिमोनयान ने एक्स पर लिखा, पहली बात तो यह है कि रूस कुछ भी करने के लिए बाध्य नहीं है। जो साफ-साफ नजर आ रहा है, उसे भी अनदेखा करते हुए सिमोनयान ने लिखा कि नवेलनी की भ्रष्टाचार-विरोधी तहकीकातों के 'शिकार' पांच लोग उन्हें फोन कर अपनी खुशी जाहिर कर चुके हैं।इस बीच ऐसी भी खबरें है कि नवेलनी की मौत के दिन मतलब 16 फरवरी को पुतिन लगातार मुस्कुरा रहे थे और काफी उत्फुल्ल नज़र आ रहे थे। यूराल पर्वत श्रृंखला में बसे चेल्याबिन्स्क शहर में एक कारखाने में वे रिपोर्टरों के साथ हंसी-मजाक करते नज़र आए। ये तो था खुशी में डूबा पुतिन का रूस। एक दूसरा रूस भी था, जिसमें लोग नवेलनी की मौत का मातम मनाने सड़कों पर उतर आये थे। उनके लिए नवेलनी आशा के प्रतीक थे। पुतिन-मुक्त रूस की आशा के प्रतीक। उनके अलावा रूसी बुद्धिजीवी, जिनमें से अधिकांश दूसरे देशों में रहते हैं, भी नवेलनी की मौत का शोक मना रहे हैं।

रूस के लोग बंटे हुए हैं, इसमें कोई शक नहीं है। और ना ही इसमें कोई शक है कि नवेलनी की मौत के बाद भी पुतिन का कुछ बिगड़ने वाला नहीं है।नवेलनी की मौत ने पुतिन को अति-विश्वास से भर दिया है। यह घटना रूस के पहले से ही बहुत कमजोर और दबे-कुचले विपक्ष पर कातिलाना हमला है। घरेलू राजनीति अब लगभग पूरी तरह पुतिन के पंजे में है। अगले महीने होने वाले चुनाव के बाद वे अगले छह सालों के लिए फिर से राष्ट्रपति चुन लिए जाएंगे। जब उनका कार्यकाल खत्म होगा तब वे जोसफ स्टालिन से बे लम्बे समय तक राज कर चुके होंगे। स्टालिन सन 1953 में अपनी मौत के समय 24 साल रूस के सर्वेसर्वा रह चुके थे। उनके सबसे कटु बैरी की मौत के अलावा, पुतिन के लिए एक और अच्छी खबर है। यूक्रेन के युद्धक्षेत्र में रूसी सेनाएं आगे बढ़ीं हैं। यही कारण है कि 16 फरवरी को पुतिन गदगद नज़र आ रहे थे। पुतिन जानते हैं कि कि किस्मत उनके साथ है। यूक्रेन में वे जीत रहे हैं, चुनाव में वे जीत रहे हैं और रूस की जनता का दिल भी वो जीत रहे हैं। जनता इसलिए खुश है क्योंकि प्रतिबंधों के बावजूद रूस न तो दुनिया में अलग-थलग पड़ा है और ना ही उसकी आर्थिक स्थिति खस्ताहाल हुई है। पुतिन ने नए दोस्त बनाए हैं और नए देश रूस के गठबंधन साथी बने हैं। ग्लोबल साउथ को रिझाने के उनके प्रयास सफल हुए हैं। एक समय पश्चिम के पिट्ठू समझे जाने वाले यूएई और सऊदी अरब में उनका जबरदस्त स्वागत हुआ। शुक्रवार को जो बाइडन ने बिना लागलपेट के मान लिया कि नवेलनी की मौत होने पर रूस के लिए जिन खौफनाक नतीजों की चेतावनी उन्होंने 2021 में दी थी, वैसा कुछ होने वाले नहीं हैं।मगर हम सोच रहे हैं कि और क्या किया जा सकता है, बाइडन ने कहा। पश्चिम के आगा-पीछा करने से पुतिन की हिम्मत और बढ़ेगी और वे और आक्रामक होंगे। विदेशों में रहने वाले पुतिन-विरोधियों में भी घबराहट का मंज़र है। उन्हें लगता है कि देश के अन्दर अपने विरोधियों से निपटने के बाद पुतिन विदेशों में बैठे अपने दुश्मनों की तरह रुख करेंगे।नवेलनी की मौत ने उनके आन्दोलन में एक नया जोश नहीं भरा है, बल्कि एक शून्य निर्मित कर दिया है। और यही पुतिन की जीत है। वे नवेलनी के आन्दोलन के जज़्बे को खत्म करने में सफल रहे हैं और यही जज़्बा नवेलनी की सबसे बड़ी ताकत था। उधर यूक्रेन में पुतिन यूक्रेनियाई लोगों का मनोबल तोड़ने की कोशिश में लगे हैं। वहां लगातार बमबारी करते हुए रूसी सेनाएं आगे बढ़ रही हैं। सबसे ताज़ा जीत अव्दीव्का नाम के एक अहम शहर में हुई है जहाँ से यूक्रेन की सेना पीछे हट गई है। अमरीकी सांसद यूक्रेन को सहायता पैकेज मिलने नहीं दे रहे हैं और पुतिन को लग रहा है कि जीत करीब है। आने वाले महीनों में डोनाल्ड ट्रम्प के अगला राष्ट्रपति बनने की सम्भावना है।

ट्रम्प ने नवेलनी के मामले में एक शब्द नहीं कहा है और अगर वे राष्ट्रपति बने तो यह तय है कि वे पुतिन को यूक्रेन में मनमानी करने देंगे। पुतिन को कहीं से कोई डर नहीं है। वे दुनिया को दिखा सकते हैं कि हाँ, बुराई भी जीत सकती है। जैसा कि कार्नेगी रशिया यूरेशिया सेंटर के निदेशक अलेक्जेंडर गाबुएव लिखते हैं, 'चमचों से घिरे, बूढ़े होते इस रूसी शासक को पता है कि वह कितनी ही घातक गलतियाँ करे, उसका कुछ नहीं बिगड़ेगा। ऐसे में आगे चल कर वह और ज्यादा मनमानी कर सकता है।

हकीकत का आईना

आईटीआईएफ ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में 2029 तक अधिकतम पांच फैक्टरियां ही लग पाएंगी और वो भी 28 नैनोमीटर वाले चिप का उत्पादन करने वाली होंगी। जबकि अमेरिका में तीन और चीन में पांच नैनोमीटर के चिप तैयार हो रहे हैं। सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत को महाशक्ति बनाने के सपने में अमेरिका के प्रतिष्ठित थिंक टैंक- थिंक टैंक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन (आटीआईएफ) ने पिन चुभो दिया है। भारत सरकार ने दस बिलियन डॉलर की विशाल रकम इस क्षेत्र में आने वाली कंपनियों को सब्सिडी देने के लिए रखी है। ऐसी शर्तों के साथ विदेशी कंपनियों को चिप फैब्रीकेशन की फैक्टरी लगाने बुलाया जा रहा है, जिसमें दो तिहाई तक आर्थिक निवेश सरकार करेगी, जबकि सारा मुनाफा उन कंपनियों का होगा। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक भारत में ऐसी फैक्टरियां लगाने के लिए अब तक 18 प्रस्ताव सरकार को मिल चुके हैं। आईटीआईएफ ने एक ताजा रिपोर्ट में कहा है कि इन सबके बावजूद भारत में 2029 तक अधिकतम पांच फैक्टरियां लग पाएंगी और वो भी 28 नैनोमीटर वाले चिप का उत्पादन करने वाली होंगी। जबकि अमेरिका में तीन और चीन में पांच नैनोमीटर के चिप तैयार हो रहे हैं। इस बीच चिप क्षेत्र में बड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अमेरिका, चीन, यूरोप, जापान और ताइवान में अनुसंधान और उत्पादन बड़े पैमाने पर बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। आईटीआईएफ ने आशंका जताई है कि इस घटनाक्रम से भारतीय प्रयासों पर ग्रहण लग सकता है। थिंक टैंक ने कहा है- 'भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में अपेक्षाकृत अधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, बशर्ते सरकार अपनी निवेश नीति पर कायम रहे, विनियमन और कारोबार का अनुकूल वातावरण बनाए रखे और अनिश्चिय पैदा करने वाले कदमों से बचे।

तस्वीरों की दुनिया

बजट सत्र में भाग लेने के लिए राजद नेता और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी पटना पहुंची।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद में अमूल की एक प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

मुरादाबाद में सीबीएसई की परीक्षा देने पहुंचे छात्र।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के तारम में वलीनाथ महादेव मंदिर में पूजा और दर्शन किए।

मुंबई में आगामी फिल्म तैशन के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में अभिनेता आर. माधवन, अजय देवगन, जानकी बोदीवाला और ज्योतिका।

समाजवादी पार्टी के पूर्व नेता स्वामी प्रसाद मौर्य नई दिल्ली में अपनी नई राजनीतिक पार्टी-राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी (आरएसएसपी) के लॉन्च कार्यक्रम के दौरान।

भरूच सीट को लेकर फैसल अहमद पटेल ने आप को दी चेतावनी, कहा - मैं गठबंधन का समर्थन नहीं करूंगा

अहमदाबाद, 23 फरवरी [एजेंसी]।

कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे अहमद पटेल के बेटे फैसल अहमद पटेल ने भरूच सीट को लेकर आम आदमी पार्टी को चेतावनी दी है। फैसल ने एएनआई से बात करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के तहत अगर भरूच की सीट आम आदमी पार्टी को दी गई तो कांग्रेस के कार्यकर्ता और उनका परिवार इसका विरोध करेगा। गुजरात में लोकसभा का चुनाव आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने साथ मिलकर लड़ने का मन बनाया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस गुजरात की भरूच सीट को आप के लिए छोड़ सकती है। हालांकि, अभी तक इसको लेकर औपचारिक फैसला नहीं हुआ है। लेकिन आप पहले ही इस पर अपने प्रत्याशी की घोषणा कर चुकी है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विधायक चैतर वसावा को भरूच से उम्मीदवार घोषित किया है।फैसल ने चेतावनी देते हुए कहा, कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है और इंडी गठबंधन हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, अगर कांग्रेस को उम्मीदवारी मिलती है तो इससे कांग्रेस और इंडी गठबंधन को ही फायदा होगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस के लिए भरूच जिला जीतना बहुत आसान होगा, आप की ताकत केवल एक विधानसभा सीट पर है...हमारा मानना है कि भरूच जिला कांग्रेस को मिलना चाहिए...मैं इस गठबंधन का समर्थन नहीं करूंगा।

दोनों पार्टियों में बनी इस सहमति के अनुसार, दिल्ली की सात सीटों में से चार पर आम आदमी पार्टी तो तीन पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। गुजरात और हरियाणा में भी दोनों पार्टियों के बीच तालमेल की वार्ता अंतिम दौर में है और जल्द ही कांग्रेस-आप अपने चुनावी गठबंधन का एलान करेंगे। वहीं, पंजाब में कांग्रेस और आप दोनों एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।कांग्रेस के जिम्मेदार सूत्रों ने आप के साथ दिल्ली में चार-तीन के फार्मूले पर सहमति बन जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि इसका औपचारिक एलान जल्द हो जाएगा। हरियाणा और गुजरात की सीटों पर तालमेल को लेकर अंतिम निर्णय होते ही तालमेल की घोषणा की उम्मीद है।गुजरात में भरूच सीट समेत आप को दो लोकसभा सीटें देने पर कांग्रेस के सहमत होने के संकेत हैं। भरूच एक समय कांग्रेस के दिग्गज दिवंगत अहमद पटेल का मजबूत गढ़ था। इसीलिए उनके बेटे फैसल पटेल और बेटी मुमताज पटेल भरूच से अपनी-अपनी उम्मीदवारी के लिए दावेदारी कर रहे हैं।

गुजरात से देर रात वाराणसी पहुंचे पीएम मोदी, सीएम योगी संग शिवपुर-लहरतारा मार्ग का किया निरीक्षण

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार रात जब अपने संसदीय क्षेत्र काशी पहुंचे तो उसकी झलक भी देखी। हवाई अड्डा पर उतरने के बाद उन्होंने बनारस रेल इंजन कारखाना तक लगभग 30 किलोमीटर की यात्रा सड़क मार्ग से की। इस बीच फुलवरिया फोरलेन के दूसरे छोर पर स्थित लहरतारा रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) पर उनका काफिला रुका और पीएम गाड़ी से उतर पड़े। उन्हें गेस्ट हाउस छोड़ने साथ जा रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उतरे।इसके बाद मोदी-योगी एक साथ पुल पर करीब 500 मीटर चले। आपस में बातें करते हुए इसके विषय में जानकारी ली। इस दौरान पहले से प्रधानमंत्री का घरों की छतों पर इंतजार कर रहे आसपास के लोगों ने हर-हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष से प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मोदी ने भी हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया।इस दौरान उन्होंने योगी से परियोजना के विषय में बात की। बोलचाल में फुलवरिया फोरलेन परियोजना जेपी मेहता स्कूल कचहरी और गिलट बाजार चौराहा से प्रारंभ होकर वरणा नदी, फुलवरिया रेलवे फाटक, लहरतारा रेलवे लाइन से होते हुए कैंट-लहरतारा मार्ग को पुल, आरओबी और फलाई ओवर से क्रास करती है।

शरदचंद्र पवार को मिला नया चुनाव चिह्न तुतारी, निर्वाचन आयोग ने किया आवंटित

नईदिल्ली, 23 फरवरी [एजेंसी]।

लोकसभा चुनाव से पहले शरद पवार गुट को चुनाव आयोग से नई पहचान मिल गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार को नया चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया। चुनाव आयोग ने पार्टी को तुतारी (तुरहा बजाते हुए एक व्यक्ति) आवंटित किया है। मालूम हो कि तुतारी एक तरह का पारंपरिक वाद्य यंत्र है। शरद पवार द्वारा स्थापित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पिछले साल दो खेमों में बंट गई थी। जुलाई, 2023 में शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने आठ अन्य विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे नीत सरकार में शामिल हो गए थे। वहीं, लंबे समय से जारी बयान बाजी और उठापटक के बीच चुनाव आयोग ने डिप्टी सीएम अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी का नाम और घड़ी चिह्न दे दिया था।

वहीं, चुनाव आयोग से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार को नया सिंबल मिलने के बाद पार्टी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। पार्टी ने एक चुनाव चिह्न पर एक कविता भी शेयर करते हुए लिखा- मुझे एक तुरही दो, मैं अपनी आत्मा से फूंक मारूंगा...। पार्टी ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि महाराष्ट्र के इतिहास में दिल्ली की राजगद्दी के कान खड़े करने वाले छत्रपति शिवाजी का शौर्य आज राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी - शरद चंद्र पवार के लिए गौरव की बात है।

शादी के बाद सामने आई कपल की पहली तस्वीर, शॉर्ट्स में दिखीं मिसेज रकुल प्रीत सिंह

नईदिल्ली, 23 फरवरी [एजेंसी]।

रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी ने गोवा में अपनी ड्रीम वेडिंग की। सोशल मीडिया पर शादी की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे है। इसी बीच अब कपल की नई फोटो सामने आई है, जिसे जैकी के कजिन भाई ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है और ये तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है।रकुल प्रीत सिंह मिस से अब मिसेज भगनानी बन गई हैं। शादी के बाद इस न्यूली वेड कपल की एक फोटो सामने आई है, जिसे जैकी के चचेरे भाई निकी भगनानी ने शेयर किया है। इस फोटो में निकी भैया और भाभी के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं।फोटो में देख सकते हैं रकुल शॉर्ट फ्लोरल जंपसूट पहने हुए नजर आ रही हैं। इस दौरान उन्होंने हाथों की मेहंदी और चूड़ा पहना हुआ है।

जो एक्ट्रेस की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। तो वहीं, जैकी एक फ्रिंटेड शर्ट पहने नजर आ है। इसी बीच अब एक्ट्रेस का विदाई वीडियो सामने आया है, जिसमे रकुल विदाई की रस्म करती नजर आ रही हैं। इस मौके पर रकुल के चेहरे पर कोई उदासी नहीं बल्कि स्माइल देखने को मिल रही है। एक्ट्रेस के आस-पास उनके परिवार के लोग भी नजर आ रहे हैं।रकुल और जैकी की शादी में बॉलीवुड सितारों का मेला लगा था। अक्षय कुमार से लेकर टाइगर श्रॉफ, अनन्या पांडे, शाहिद कपूर, आदित्य रॉय कपूर, मीरा राजपूत, वरुण धवन, नताशा दलाल, आयुष्मान खुराना समेत कई सेलेब्स पहुंचे थे।

गन्ने की राजनीति तय करेगी एक चौथाई संसदीय सीटों का भविष्य, इन राज्यों में भाजपा ने मारी थी बाजी, अब किसकी बारी

नईदिल्ली, 23 फरवरी [एजेंसी]।

किसान आंदोलन के बीच केंद्र सरकार ने गन्ने के लाभकारी मूल्य में 25 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि कर लोकसभा की लगभग एक चौथाई सीटों को साधने का प्रयास किया है।गन्ना उत्पादक तीन बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र एवं कर्नाटक में लोकसभा की कुल 156 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा ने पिछली बार 110 सीटें जीती थीं। इनमें पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 80 में से 62, महाराष्ट्र की 48 में से 23 एवं कर्नाटक की 28 में से 25 सीटें जीती थीं। बिहार एवं मध्य प्रदेश को भी शामिल कर लें तो भाजपा की एक तिहाई से ज्यादा सीटों पर जीत हुई थी।समय से चार महीने पहले गन्ने के भाव में रिकार्ड वृद्धि का उद्देश्य किसानों के हित के साथ-साथ पिछली राजनीतिक हैसियत को बरकरार रखते हुए आगे बढ़ना है। केंद्र ने चीनी सत्र 2024-25 के लिए गन्ने के लाभकारी मूल्य में लागत की तुलना में 107 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे 315 से बढ़ाकर 340 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। इस फैसले को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा भी किया कि केंद्र के फैसले से

देश के पांच करोड़ से अधिक किसान परिवारों एवं चीनी मिलों के कामगारों को सीधा फायदा होगा। सिर्फ उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 45 सीटों पर गन्ना आंदोलन असरकारी होता है। प्रदेश में दो करोड़ गन्ना किसान हैं और 122 चीनी मिलें हैं। पश्चिमी हिस्से की 30-35 और पूर्वांचल की लगभग 10 सीटों की चुनावी राजनीति को गन्ने से अलग नहीं किया जा सकता। इसलिए इस सेक्टर पर सरकार का पूरा ध्यान रहता है। गन्ने के मूल्य से लेकर चीनी मिलों से किसानों का बकाया भुगतान कराने तक राज्य सरकार हस्तक्षेप करती है। गन्ने से बिजली और एथनाल उत्पादन की तकनीक ने इसका दायरा और बढ़ा दिया है। ऐसे में घाटे और मुनाफे की स्थिति में राजनीति प्रभावित होती रहती है। महाराष्ट्र में 195 चीनी मिलें हैं, जिससे ढाई करोड़ किसान और कामगार जुड़े हैं।

प्रदेश की 23 सीटें गन्ने से अत्यंत प्रभावित हैं। चीनी मिलों के मालिक राजनीति में हैं। सत्ता में बने रहने के लिए कई नेता अक्सर पार्टी बदलते रहते हैं। कर्नाटक की राजनीति में भी गन्ने का काफी हस्तक्षेप है। करीब 20 सीटों पर गन्ने की राजनीति हावी रहती है। कई चीनी मिलों के मालिक राजनीति में हैं। बेलगाम, विजयपुरा, शिमोगा, मैसूर, बेल्लारी, बगलकोट, बीदर एवं कलबुर्गी की राजनीति एक हद तक गन्ने पर ही निर्भर करती है।चार राज्यों में एसएपी भी लागू होता है, जो अभी केंद्र के घोषित मूल्य से अधिक है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा एवं पंजाब की सरकारें एसएपी के रूप में स्वयं भी गन्ने का मूल्य तय करती हैं। अन्य राज्यों में केंद्र का एफआरपी लागू होता है। माना जा रहा है कि अब एसएपी वाले राज्यों की सरकारों पर भी दाम बढ़ाने का दबाव पड़ेगा और इससे गन्ना किसानों को फायदा में अभी गन्ना किसानों को प्रति क्विंटल 391 रुपये, हरियाणा में 386 रुपये, उत्तराखंड में 375 रुपये एवं उत्तर प्रदेश में 370 रुपये प्रति क्विंटल दिया जा रहा है।

किसानों पर हरियाणा पुलिस की बर्बरता की हो न्यायिक जांच, प्रताप सिंह बाजवा ने की मांग

चंडीगढ़, 23 फरवरी [एजेंसी]।

मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा शुभकरण की मौत पर कार्रवाई करने के बजाय भाजपा की अगुवाई वाली हरियाणा सरकार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का आश्वासन देने को आलोचना करते हुए विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने हरियाणा पुलिस की कार्रवाई की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री, जिनके पास गृह विभाग भी है, हरियाणा पुलिस और हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के खिलाफ मामला दर्ज कराएं। हरियाणा पुलिस की यातना सभी ने देखी है और पंजाब सरकार अभी भी कोई भी कानूनी कार्रवाई करने से कतरा रही है। बाजवा ने पूछा कि वह किस चीज का इंतजार कर रही हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले छोड़े जाने और रबर की गोलियां दागने के दौरान यदि 13 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई होती तो कल हरियाणा पुलिस की बर्बरता की घटनाओं को टाला जा सकता था।बठिंडा के एक युवा किसान शुभकरण सिंह की कथित तौर पर सिर में गोली लगने से मौत हो गई। दर्जनों अन्य किसान बुरी तरह घायल हो गए। बाजवा ने कहा कि इस बात की स्वतंत्र न्यायिक जांच होनी चाहिए कि किसने हरियाणा पुलिस को प्रदर्शन कर रहे किसानों के खिलाफ युद्ध की घोषणा करने का आदेश दिया। विपक्ष के नेता ने कहा कि पंजाब के लोगों, विशेष रूप से देश के किसान समुदाय को सच्चाई जानने का पूरा अधिकार है। उन्हें यह जानने का पूरा अधिकार है कि दमनकारी मनोहर लाल सरकार ने लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन क्यों किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने पुतिन को लेकर यह क्या कह दिया, रूसी राष्ट्रपति सुनेंगे तो निकल जाएगा खून!

सैन फ्रांसिस्को, 23 फरवरी [एजेंसी]।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए प्राइमरी चुनाव के साथ चंदा एकत्र करने के लिए सभी दावेदार अभियान चलाए हुए हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सनकी बताया। वह पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उन्होंने स्वयं की तुलना रूस के विपक्षी नेता नवलनी से की थी। दूसरी ओर, रिपब्लिकन पार्टी में राष्ट्रपति प्रत्याशी बनने की दौड़ में शामिल

भारतवंशी निक्की हेली ने जनवरी में 1.15 करोड़ डालर चंदा एकत्र कर विश्लेषकों को चौंका दिया। इस अवधि में ट्रंप को चंदे में 88 लाख डालर ही मिले। अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडन जलवायु परिवर्तन पर बोल रहे थे, इस दौरान उन्होंने पुतिन के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि हमारे पास पुतिन जैसे कई सनकी एसओबी भी हैं।

हम हमेशा परमाणु संघर्ष को लेकर चिंतित रहते हैं। लेकिन आज मानवता के लिए सबसे बड़ी चुनौती जलवायु परिवर्तन है। वह कैलिफोर्निया में चंदा एकत्र करने का अभियान चला रहे थे। इससे पहले ट्रंप ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि वह रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की तरह हैं। जिनकी जेल में रहस्यमयी परिस्थितियों में हाल ही मौत हो गई। ट्रंप ने कहा था कि वह भी नवलनी की तरह प्रताड़ित हो रहे हैं।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए 639 परियोजनाओं को मिला अनुदान केंद्र ने कहा- वरदान साबित हुई राष्ट्रीय वयोश्री योजना

नईदिल्ली, 23 फरवरी ।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि उसने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एकीकृत कार्यक्रम के तहत 639 परियोजनाओं को अनुदान प्रदान किया है। मंत्रालय ने कहा कि 354 शिविरों के दौरान 3,64,001 वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किए गए हैं और 3,180 वृद्धावस्था देखभाल करने वालों को एक कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित किया गया है।सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से कई पहल लागू की हैं। मंत्रालय ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए एकीकृत कार्यक्रम के तहत उसने देश भर में 639 परियोजनाओं को अनुदान वितरित किया है। इसमें कहा गया है कि ये अनुदान वरिष्ठ नागरिकों के घरों के संचालन और रखरखाव और निरंतर देखभाल सुविधाओं की सुविधा प्रदान करते हैं, गरीब वरिष्ठ नागरिकों को आश्रय, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और मनोरंजन जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान करते हैं। इसके अलावा, मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना ने उम्र से संबंधित विकलांगता वाले वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कांग्रेस ने दिया केवल गरीबी उन्मूलन का नारा, मुंबई में नड्डा ने सोनिया गांधी और लालू प्रसाद को क्यों घेरा

मुंबई, 23 फरवरी [एजेंसी]।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि केवल उनकी पार्टी ही गरीबों की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छ ढंग से काम कर रही है। उन्होंने गुरुवार को मुंबई में आयोजित पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा कि अन्य सभी पार्टियां भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उनके नेता या तो जेल में हैं या फिर जमानत पर हैं। कांग्रेस ने तो सिर्फ गरीबी उन्मूलन का नारा दिया, ड्वांग्ग्र्य में योजनाएं बनाईं। उन्हें कभी भी लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। सिर्फ भाजपा ही गरीबों और देश की साफ-सुथरी प्रगति सुनिश्चित कर रही है। अन्य सभी पार्टियां अवसर मिलने पर भ्रष्टाचार करती हैं।नड्डा ने कहा कि चाहे वह सोनिया गांधी, राहुल गांधी या लालू प्रसाद हों, ये सभी जमानत पर बाहर हैं। हेमंत सोरेन भी जेल में हैं। भाजपा प्रमुख ने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के दौरान देश की 50 प्रतिशत आबादी गरीबी में जी रही थी, लेकिन इंदिरा गांधी के सत्ता में आने के बाद यह अनुपात बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया। राज्य ब्यूरो के अनुसार, नड्डा ने हीरोज ऑफ मुंबई कार्यक्रम के तहत 18 विभूतियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इन विभूतियों ने मुंबई के समग्र विकास, आर्थिक प्रगति, सुरक्षा और सांस्कृतिक बुनियादी ढांचे में योगदान दिया है। हीरोज ऑफ मुंबई कार्यक्रम की संकल्पना महाराष्ट्र सरकार में मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा की थी। इसके तहत गिरगांव में किलाचंद उद्यान को स्मृति और प्रेरणा स्थल में बदल दिया गया है। जिन 18 विभूतियों की अर्द्ध प्रतिमाओं का अनावरण किया गया है, उनमें भारत रत्न डा. बाबा साहब आंबेडकर, विनायक दामोदर सावरकर, सावित्रीबाई फुले, लता मंगेशकर, दादा साहब फाल्के, कवि कुसुमाग्रज, डा. होमी जहांगीर भाभा, जेआरडी टाटा, जगन्नाथ शंकर शेठ, अन्नाभाऊ साठे, बाला साहेब ठाकरे, धीरू भाई अंबानी, रामनाथ गोयनका, सेठ मोती शाह, शहीद बाबू गेनू, अशोक कुमार जैन एवं भारतरत्न सचिन तेंदुलकर की प्रतिमाएं शामिल हैं।

मधुबाला की एकमात्र कलर फिल्म, जो अभिनेत्री के निधन के दो साल बाद हुई थी रिलीज

नईदिल्ली, 23 फरवरी [एजेंसी]।

मधुबाला का नाम हिंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में लिया जाता है। उन्होंने अपने समय में अभिनय के साथ-साथ अपनी खूबसूरती से भी लाखों दिलों पर लंबे समय तक राज किया था। हालांकि, एक्ट्रेस ने बहुत ही कम समय में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। कल यानी 23 फरवरी को उनकी पुण्यतिथि है। चलिए जानते हैं उनकी आखिरी फिल्म ज्वाला के बारे में, जो उनके निधन के दो साल बाद रिलीज हुई थी।मधुबाला द्वारा अभिनीत यह एकमात्र फिल्म है, जिसे पूरी तरह से रंगीन फिल्माया गया है।

हालांकि, उनकी सबसे फेमस फिल्म 1961 में आई मुगल-ए-आजम में भी कुछ रंगीन सीन हैं, लेकिन उस फिल्म को ज्यादातर ब्लैक एंड व्हाइट में ही शूट किया गया था। मधुबाला अपनी आखिरी फिल्म ज्वाला के फिल्मांकन के दौरान बीमार पड़ गई थीं। फिर 23 फरवरी, 1969 को एक्ट्रेस का निधन हो गया। उनकी मृत्यु के बाद मूवी काफी समय तक लटकी रही।द्बस्द्ब1ड्ड की रिपोर्ट के अनुसार, बाद में इसे एक्ट्रेस की पुरानी फिल्मों से फुटेज लेकर पूरा किया गया और कई बॉडी डबल ड्डप्लीकेट सीन भी किये गए थे। इसके बाद ज्वाला को उनके निधन के दो साल बाद 1971 में रिलीज किया गया। इस फिल्म में सुनील दत्त मुख्य अभिनेता थे और आईएमबीडी के अनुसार, यह आखिरी फिल्म थी, जिसमें शंकर सिंह रघुवंशी, मोहम्मद रफी और सुनील दत्त का कॉम्बिनेशन था। आईएमबीडी की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की शूटिंग 1950 के दशक के अंत में की गई थी, जब आशा पारेख बेहद छोटी थीं। 1971 में जब यह फिल्म रिलीज हुई, तब तक वह पहले से ही एक स्टार बन गई थीं और 30 की उम्र पार कर रही थीं। वह इस बात से खुश नहीं थीं कि ज्वाला उसी समय चल रही थी जब उनकी हिट फिल्में मेरा गांव मेरा देश (1971) और कारवां (1971) चल रही थी।मधुबाला का जन्म 4 फरवरी, 1933 में हुआ था। बचपन में उनका नाम मुमताज जहां देहलवी था। फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री करते समय एक्ट्रेस ने अपना नाम बदलकर मधुबाला रख लिया था।

असांजे के अमेरिकी प्रत्यर्पण मामले पर बाद में फैसला सुनाएगा ब्रिटिश हाई कोर्ट

लंदन। ब्रिटिश हाई कोर्ट ने विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे की प्रत्यर्पण के विरुद्ध अपील पर बुधवार को दो दिन तक चली सुनवाई पूरी कर ली, लेकिन न्यायाधीशों ने कहा कि वे अपना फैसला बाद में सुनाएंगे। जासूसी के आरोपों का सामना कर रहे 52 वर्षीय असांजे अमेरिका में वांछित हैं। असांजे को 2019 से दक्षिण पूर्व लंदन स्थित अत्यंत सुरक्षा वाली वेलमार्श जेल में रखा गया है। एक दशक पहले अफगानिस्तान और इराक युद्धों से संबंधित सैन्य दस्तावेज विकीलीक्स पर प्रकाशित होने के बाद असांजे अमेरिका में राष्ट्रीय रक्षा सूचना सार्वजनिक करने के आरोपों का सामना कर रहे हैं। विकीलीक्स पर प्रकाशित सूचनाओं में अपाचे हेलीकॉप्टर से 2007 में बगदाद की सड़कों पर रायटर के पत्रकारों और बच्चों को अमेरिकी सेना द्वारा मारे जाने का वीडियो फुटेज भी शामिल है।अमेरिका के वकीलों ने इससे पहले कहा था कि जेल की सजा सुनाई गई तो असांजे को उनके अपने देश आस्ट्रेलिया में स्थानांतरित किए जाने की अनुमति दी जाएगी।

पोर्ट ब्लेयर एयरपोर्ट पर जल्द ही कम दृश्यता में भी उतारे जा सकेंगे विमान

पोर्ट ब्लेयर, 23 फरवरी [एजेंसी]।

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के पोर्ट ब्लेयर स्थित वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अब इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) से सुसज्जित हो गया है। यह प्रणाली कम दृश्यता में विमानों को आवाजाही में सक्षम बनाएगी। आइएलएस विमान को कम दूरी का मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सटीक रेडियो नेविगेशन प्रणाली है। इससे चालक दल को खराब मौसम, कम दृश्यता और रात में विमानों को रनवे तक पहुंचाने में काफी मदद मिलती है। एयरपोर्ट निदेशक देवेंद्र यादव ने बताया कि इस प्रक्रिया को दिन के समय कोलकाता पोर्ट ब्लेयर के लिए विस्तारा की उड़ान (यूके-747) के रूप में मान्य किया गया। आईएलएस के संचालन के बारे में यादव ने कहा कि अब केवल एक औपचारिकता शेष है। जल्द ही, आइएलएस के संबंध में पूरा डाटा एयरोनाटिकल इंफार्मेशन पब्लिकेशन (भारतीय एयरपोर्ट प्राधिकरण और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की देखरेख में एक पोर्टल) पर अपलोड किया जाएगा।इसके बाद रात और खराब मौसम में उड़ान संचालन को सक्षम करने के लिए एयरपोर्ट के उड़ान नियमों को दृश्य उड़ान नियम से उपकरण उड़ान नियम में बदल दिया जाएगा।ए क अन्य अधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट के रनवे पर प्रमुख रोशनी प्रणाली पर तेजी से काम चली रहा है और यहां रात में लैंडिंग की सुविधा मार्च के अंत तक उपलब्ध होने की उम्मीद है।

प्राकृतिक सौंदर्य खास बनाता है मैनपाट को, महोत्सव से नई पहचान

कृष्ण विभूति तिवारी

कोरिया बैकुंठपुर। सुंदर वादियां, खुशनुमा वातावरण और ऊंची-ऊंची पहाड़ियों से घिरा, विभिन्न संस्कृतियों का संगम स्थल स्थल है मैनपाट। जहां पहुंचते ही आपको अलौकिक शांति की प्राप्ति होती है। मैनपाट के नयनाभिराम दृश्य स्वत: ही सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यहां चारों ओर फैली हरियाली, घुमावदार पहुँचमार्ग, मन को असीम शीतलता प्रदान करने वाले जलप्रपात, अचंभित करने वाले प्राकृतिक दृश्य और दूर-दूर तक फैला पाट क्षेत्र है।

मैनपाट विन्ध्यपर्वत माला पर स्थित है जिसकी समुद्र सतह से ऊंचाई 3781 फीट है इसकी लम्बाई 28 किलोमीटर और चौडाई 10 से 13 किलोमीटर है। राजधानी रायपुर से अम्बिकापुर की दूरी लगभग 365 किमी है, वहीं अम्बिकापुर से मैनपाट की दूरी लगभग 50 किमी है। यहां की जलवायु के कारण मैनपाट को छत्तीसगढ का शिमला कहा जाता है। प्राकृतिक सम्पदा से भरपूर यहां बौद्ध मंदिर, सरभंजा जल प्रपात, टाईगर प्वाइंट तथा मछली प्वाइंट प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं। अम्बिकापुर से मैनपाट जाने के लिए दो रास्ते है पहला रास्ता अम्बिकापुर-सीतापुर रोड से होकर जाता और दूसरा ग्राम दरिमा होते हुए मैनपाट तक जाता है।

मैनपाट में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा विकास को गति देने के लिए वर्ष 2012 में जिला प्रशासन सरगुजा द्वारा मैनपाट महोत्सव की शुरुआत की गई। अब हर वर्ष मैनपाट महोत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमें देश के नामी कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति, विभागीय स्टॉलों के द्वारा विकास की झलक देखने को मिलती है। यहां एडवेंचर स्पोर्ट्स, नौकायन, पतंग फेस्ट, मेला, दंगल आदि गतिविधियां लोगों के मनोरंजन का माध्यम बनते हैं। इस वर्ष जिला प्रशासन द्वारा 23 से 25 फरवरी तक मैनपाट महोत्सव का आयोजन रोपाखार जलाशय के समीप किया जा रहा है।

कब आएं-

वैसे तो मैनपाट का मौसम वर्षभर खुशनुमा होता है, परन्तु नवम्बर से जनवरी के मध्य सर्दियों के मौसम में मैनपाट की खूबसूरती और बढ़ जाती है। बारिश के बाद झरनों की सुंदरता, चारों ओर खेतों में लहराती हुई टाऊ की फसल दर्शनीय होती है। इसलिए ये मौसम मैनपाट में सैर करने के लिए सबसे अच्छा मौसम है।

कैसे पहुंचे

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डा देश के सभी प्रमुख शहरों से जुड़ा है। राज्य के बाहर के सैलानी हवाई मार्ग, रेलमार्ग तथा सड़क मार्ग से भी रायपुर पहुंच सकते हैं। यहां रेलमार्ग से अम्बिकापुर पहुंचकर फिर सड़क मार्ग से मैनपाट जाया जा सकता है। मैनपाट पहुंचने के लिए टैक्सी एवं बस आसानी से यहां उपलब्ध हो जाते हैं।

कहां रूकें

मैनपाट में रुकने के लिए छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा निर्मित रिजॉर्ट शैला और करमा हैं। साथ ही यहां निजी होटल एवं रिजॉर्ट भी हैं जहां पर्यटक अपनी सुविधा अनुसार ठहर सकते हैं।

मैनपाट के पर्यटन स्थल

बौद्ध मंदिर - मैनपाट से ही हिन्द एवं मांड नदी का उदगम हुआ है। ईंडी-चाइना वार के पश्चात 1962-63 में तिब्बती शरणार्थियों को मैनपाट में बसाया गया। यहां तिब्बती लोगों का जीवन एवं बौद्ध मंदिर आकर्षण का केन्द्र है। इसलिए इसे मिनी तिब्बत भी कहा जाता है।

टाइगर प्वाइंट- मैनपाट के महत्वपूर्ण प्रमुख टूरिस्ट स्पॉट में टाइगर प्वाइंट एक खूबसूरत प्राकृतिक झरना है जिसमें पानी इतनी तेजी से गिरता है कि शेर के गरजने जैसी आवाज आती है। चारों तरफ घनघोर जंगलों के बीच पहाड़ से गिरता हुआ झरना बहुत ही आकर्षक लगता है।

उल्टापानी - मैनपाट के बिसरपानी गांव में स्थित उल्टापानी छत्तीसगढ़ की सबसे ज्यादा अचंभित और हैरान करने वाला दर्शनीय स्थल है। यहां पर पानी का बहाव नीचे की तरफ न होकर ऊपर यानी ऊँचाई की ओर होता है। यहां सड़क पर खड़ी न्यूट्रल चारपहिया गाड़ी 110 मीटर तक गुरूत्वाकर्षण के विरूद्ध पहाड़ी की ओर अपने आप लुढ़कती है।

जलजली- मैनपाट में प्रकृति के नियमों से दूर जलजली वह पिकनिक स्पॉट है जहाँ दो से तीन एकड़ जमीन काफी नर्म है और इसमें कूदने से धरती गद्दे की तरह हिलती है। आस-पास के लोगों के मुताबिक कभी यहां जल स्त्रोत रहा होगा जो समय के साथ उपर से सूख गया तथा आंतरिक जमीन दलदली रह गई। इसी वजह से यह जमीन दलदली व स्पंजी लगती है।

फिश प्वाइंट- मैनपाट में पर्यटकों के लिए जंगलों के बीच एक रोमांचकारी और मन को लुभाने वाला मशहूर जगह फिश प्वाइंट (मछली) स्थित है। यह भी एक जलप्रपात है।

मेहता प्वाइंट- मैनपाट में स्थित मेहता प्वाइंट ऊंची पहाडियां, गहरी घाटियां तथा वन मनोरम दृश्यों से भरपूर हैं। मैनपाट आने वाले पर्यटक सुंदर व्यू का आनन्द लेने के लिए इस पिकनिक स्पॉट में अवश्य पहुंचते हैं।

ठिनठिनी पत्थर- अम्बिकापुर के 12 किमी. की दुरी पर दरिमा हवाई अड्डा हैं। दरिमा हवाई अड्डा के पास बडे-बडे पत्थरो का समुह है। इन पत्थरो को किसी ठोस चीज से ठोकने पर आवाजे आती है। सर्वाधिक आश्चर्य की बात यह है कि ये आवाजे विभिन्न धातुओ की आती है। इनमे से किसी- किसी पत्थर खुले बर्तन को ठोकने के समान आवाज आती है। इस पत्थरो मे बैठकर या लेटकर बजाने से भी इसके आवाज मे कोइ अंतर नही पडता है। एक ही पत्थर के दो टुकडे अलग-अलग आवाज पैदा करते है। इस विलक्षणता के कारण इस पत्थरो को अंचल के लोग ठिनठिनी पत्थर कहते है। इसके अतिरिक्त यहां बूढ़ा नागदेव जलप्रपात है जिसे जलपरी प्वाइंट भी कहते है। प्रकृति की गोद में बसे इस जलप्रपात तक पहुंचते ही सारी थकान दूर हो जाती है।

कौनसी होती है बॉयफ्रेंड जीन्स, लड़कियों के लिए आजकल है पहली पसंद! इसमें होती है ये खास बात

इन दिनों फैशन वर्ल्ड में बॉयफ्रेंड जीन्स का काफी क्रेज देखने को मिल रहा है. इंटरनेशनल सेलेब्रिटीज से लेकर बॉलीवुड तक ये डेनिम महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई है. इतना ही नहीं, फैशन के जानकारों का मानना है कि यह स्टाइल लंबे समय तक लोकप्रिय रहने वाली है. वहीं, इसके नाम के चलते कुछ लोगों को यह भी संदेह हो सकता है कि यह जीन्स पुरुषों के लिए होती है. जबकि ऐसा जरूरी नहीं है. अपने नाम से बिल्कुल उलट बॉयफ्रेंड जीन्स का क्रेज महिलाओं में अधिक देखने को मिल रहा है. तो आइये जानते हैं कि आखिर है यह बॉयफ्रेंड जीन्स क्या है और इसकी शुरुआत कैसे हुई.

बॉयफ्रेंड जीन्स क्या है

बॉयफ्रेंड जीन्स का क्रेज इन दिनों महिलाओं में खूब देखने को मिल रहा है. यह डेनिम की एक वैरायटी है, जो महिलाओं को पहनने में बेहद आरामदायक महसूस करवाने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखाते हैं. इनकी कुछ विशेषताएं हैं, जिसकी वजह से यह दूसरी जीन्स से काफी अलग नजर आते हैं. कुछ लोगों का मानना है कि महिलाएं अपने पुरुष साथियों की जीन्स पहना करती थीं क्योंकि यह काफी आरामदायक हुआ करते थे. इसी को ध्यान में रखते हुए कम्पनियों ने खासतौर से महिलाओं के लिए ऐसी जीन्स डिजाइन की, जो कम्फर्टेबल और स्टाइलिश हों.

बॉयफ्रेंड जीन्स का इतिहास

सोशल मीडिया पर बॉयफ्रेंड जीन्स का क्रेज देखकर आपको ऐसा लगता होगा कि यह कुछ नया है. जबकि अमेरिकन एक्ट्रेस, सिंगर और मॉडल मर्लिन मुनरो ने सालों पहले ही इसकी शुरुआत कर दी थी. हालांकि, तब उन्होंने इसे बॉयफ्रेंड जीन्स नहीं कहा, लेकिन डेनिम लवर्स के लिए यह आरामदायक जीन्स 1960 में भी पहली पसंद बन गई थी.

हालांकि, बॉयफ्रेंड जीन्स वास्तव में 2000 के दशक में फोकस में आई जब केटी होम्स, जो तब टॉम क्रूज़ की पत्नी थीं, वे न्यूयॉर्क शहर में आउटिंग के दौरान उनकी जींस पहनकर निकला करती थीं. पपराज़ी अक्सर उन्हें स्लिम फिट बॉडी पर बैगी जीन्स कैरी किए हुए कैप्चर करते थे. इस तरह धीरे-धीरे डेनिम ब्रांड्स को एहसास हुआ कि महिलाओं की रुचि लूज़, आरामदायक डेनिम में है, जिसके बाद उन्होंने खासतौर से महिलाओं के लिए बॉयफ्रेंड जीन्स बनाने की शुरुआत की.

बॉयफ्रेंड जीन्स के फायदे

1.रेगुलर जीन्स की तुलना में बॉयफ्रेंड जीन्स पैर और जांघों पर अधिक आरामदायक होती है

2.भागदौड़ करने या घूमने-फिरने के लिए बॉयफ्रेंड जीन्स एक बढ़िया विकल्प है

3.ट्रैवल करते हुए पैरों को मोड़ने में आसानी होती है

4.फॉरएवर फैशनेबल

5.छोटी हाइट के लिए बेहतर विकल्प

प्रचंड अशोक में विषकन्या के रूप में नजर आएंगी एक्ट्रेस मायरा मिश्रा

शो प्रचंड अशोक में शामिल होने को लेकर एक्ट्रेस मायरा मिश्रा बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक प्रेम कहानी का हिस्सा बनकर वह खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं। वह शो में कैमियो भूमिका निभाएंगी। इस शो में मायरा एक विषकन्या के रूप में नजर आएंगी। एमटीवी स्प्लिट्सविला और उड़ान में दिखाई देने वाली एक्ट्रेस मायरा ने शो के बारे में कहा, मैं एक ऐसे शो में शामिल होकर बेहद खुश हूं, जिसने अपने शानदार दृश्यों और सम्मोहक कहानी के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। मैं इस ऐतिहासिक प्रेम कहानी का हिस्सा बनकर सौभाग्यशाली महसूस कर रही हूं। मैं लंबे समय से ऐसी भूमिका का इंतजार कर रही थी। मायरा ने कहा, हालांकि, विषकन्या के रूप में मेरी भूमिका छोटी है लेकिन यह जबरदस्त है।

ब्रश करते समय कहीं आपके दांतों से भी तो नहीं आ रहा खून खतरनाक बीमारी के हैं लक्षण

ब्रश करते समय अगर दांतों में दर्द महसूस हो या खून आए या फिर किसी तरह की सूजन है तो इग्नोर करने की बजाय तुरंत अलर्ट हो जाएं, डेंटिस्ट के पास जाकर सलाह लें क्योंकि ये किसी बीमारी के शुरुआती लक्षण भी हो सकते हैं. दरअसल, ब्रश या कुल्ला करके हम सिर्फ दांतों को ही इंफेक्शन से नहीं बल्कि ओवरऑल हेल्थ को बचाने का काम करते हैं. लेकिन अगर एक हफ्ते तक दांतों या मंसूड़ों में खून आने, सूजन या दर्द की समस्याएं हो तो बिने देर किए डेंटिस्ट के पास जाना चाहिए.

दांतों या मंसूड़ों से खून क्यों आता है

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, मसूड़ों से खून निकलने की एक नहीं कई वजहें हो सकती हैं. अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन के मुताबिक, कई बार मसूड़ों में सूजन के कारण भी ब्रश करते समय खून आने लगता है. ये मसूड़ों में बीमारी के शुरुआती लक्षण हैं. मसूड़ों की बीमारी को पेरियोडोंटल डिजीज भी कहते हैं. इस बीमारी में दांतों के चारों ओर मसूड़ों और हड्डियों में संक्रमण हो जाता है. जिससे चारों तरफ प्लक(ढ्ढद्धड्डह्लद्ग) बनने लगते हैं. इस बीमारी में दांतों से खून भी आता है.

दांतों से खून आने की समस्या कब खतरनाक

महिलाओं में इस बीमारी के लक्षण प्यूबर्टी, प्रेगनेंसी, मेनोपॉज या मेंस्ट्रुअल साइकिल के दौरान देखने को मिलते हैं. उनमें ऐसा हार्मोनल बदलाव के कारण होता है. हार्मोन मसूड़ों के पास जमा

बैक्टीरिया और प्लक के प्रति ज्यादा सेंसेटिव होते हैं. इसके अलावा स्मोकिंग, जेनेटिक, डायबिटीज जैसी बीमारी में इसका खतरा बढ़ सकता है. किसी तरह का एस्ट्रॉयड मेडिसीन या ओरल कॉन्ट्रासेप्टिव्स ले रहे हैं या फिर कैंसर या ड्रग थेरेपी चल रही है तो दिक्कतें बढ़ सकती हैं.

इस तरह करें बचाव

दिन में कम से कम दो से तीन बार ब्रश जरूर करें

डाइट को संतुलित रखें

डेंटिस्ट के पास जाकर नियमित तौर पर जांच करवाएं.

स्मोकिंग और च्चींगम से बचें

डीप नेक की सफ़ेद शर्ट पहनकर अन्वेषी जैन ने दिए ऐसे-ऐसे पोज, फैंस हुए कायल

गंदी बात फेम अन्वेषी जैन अक्सर अपनी फिटनेस और बोल्ड लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस अपने हर लुक्स में बेहद ही शानदार लगती हैं फैंस भी उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक और कॉमेंट्स करते हैं। हाल ही में अन्वेषी फिर से स्पॉट की गई हैं। उनका चुलबुला अंदाज फिर से उनके फैंस को अपना कायल बना रहा है।

एक्ट्रेस और मॉडल अन्वेषी जैन अपनी खूबसूरती और बोल्ड फिगर के लिए खूब जानी जाती है। एक्ट्रेस अन्वेषी जैन खूबसूरती के साथ-साथ अपनी फिटनेस का भी बेहद ध्यान रखती हैं।

हाल ही में अन्वेषी जैन कहीं जा रही थी तो उन्हें एक बार फिर पैपराजी ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर की शर्ट और शॉर्ट स्कर्ट के साथ हाई हील्स पहन कर अपने चुलबुले अंदाज में पूल के पास फोटोशूट करवाया है। वेब सीरीज से सुर्खियों में रहने वाली अन्वेषी जैन आज इंटरनेट सेंसेशन बन गई है। एक्ट्रेस कुछ भी सोशल मीडिया पर अपलोड करती हैं तो वे तेजी से वायरल होने लगता है। एकता कपूर की वेब सीरीज गंदी बात- 2 में एक्ट्रेस अन्वेषी ने इंटिमेट सीन्स देकर बोल्डनेस का तड़का लगाया था। उन्होंने सीरीज में कई ऐसे हॉट सीन्स दिए जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया है। अभिनेत्री अन्वैषी जैन ने एक बार फिर अपनी कातिल अदाओं से फैंस को अपना कायल कर लिया है।

हल्की-हल्की सी के गए पोस्टर में दिखा मुनव्वर और हिना खान की शानदार केमिस्ट्री

पूर्व बिग बॉस प्रतियोगी हिना खान और मुनव्वर फारुकी की अपकमिंग म्यूजिक वीडियो हल्की-हल्की सी के दूसरे पोस्टर में दोनों ने कोलकाता की आकर्षक पृष्ठभूमि पर अपनी केमिस्ट्री से फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है। दोनों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर गाने का दूसरा पोस्टर शेयर किया। रोमांटिक पोस्टर में मुनव्वर और हिना बालकनी में एक साथ खड़े नजर आ रहे हैं, उनकी नजरें लेंस से दूर हैं। हिना ने पारंपरिक लाल और सफेद बंगाली साड़ी पहनी हुई है, साथ ही अपने बालों को कर्ल में स्टाइल किया है। दूसरी ओर बिग बॉस 17 के विजेता मुनव्वर ने हरे रंग का एथनिक कुर्ता पहना है।

पोस्टर को कैप्शन दिया गया, हल्की-हल्की सी 23 फरवरी को सुबह 11 बजे विशेष रूप से डीएमएफ प्ले के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर आएगा।

शब्द सामर्थ्य -342

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गी जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुखभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. भवति, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लौंग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कौड़ा 13. चौथला, अदा 15. दंड 17. अवीध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चम्पक।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 341 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा		म	हा	र	त
क		ह					ज	न
	जा	न	की		क	म	नी	य
		त	म	क	ना			
म			त	ह	त		दा	ब
सी	मा			ला		स	न	द
हा	थ	म	ल	ना		खा		च
		द			घा	ल	मे	ल
	ब	द	ह	वा	स			न

कोरियावासी भी करेंगे अयोध्या धाम में श्रीरामलला दर्शन

इच्छुक यात्रियों के लिए हुए दिशा-निर्देश जारी

कोरिया बैकुंठपुर। छत्तीसगढ़ सरकार के बहुप्रतिक्षित श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना का लाभ अब कोरियावासियों को मिलेगा। आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभागृह में अधिकारियों की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन विभाग द्वारा योजना के बारे में दी गई दिशा-निर्देश के संबंध में जानकारी साझा की।

जानकारी के मुताबिक रामलला दर्शन यात्रा योजना के तहत कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। सदस्य सचिव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अलावा पुलिस अधीक्षक, समाज कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सत्कार अधिकारी तथा एक नामांकित सदस्य होंगे। संयुक्त कलेक्टर अथवा संयुक्त संचालक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। समिति द्वारा आवश्यक जानकारियां, शिकायत, समस्याओं निराकरण करेंगे। ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों से चयनित हितग्राहियों को जिला स्तर पर एकत्रित करने के अलावा हितग्राहियों के स्वास्थ्य परीक्षण, टिकिट मुहैया व स्टेशन तक पहुंचाने की व्यवस्था की जिम्मेदारी होगी।

अयोध्या धाम जाने के इच्छुक यात्रियों से ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकायों में आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन स्पष्ट हिंदी भाषा में ही भरे जाएंगे। साथ ही 3.5 बाई 3.5 सेमी साइज की नवीनतम रंगीन फोटो प्रथम पृष्ठ पर लगाना होगा साथ ही राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, विद्युत देयक, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड या फिर शासन द्वारा स्वीकार्य कोई अन्य साक्ष्य जमा करना होगा। जिले के इच्छुक आवेदनकर्ता में प्रथम चरण में 55 वर्ष अथवा उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों को प्राथमिकता के साथ चयन किया जाएगा। इस योजना में भाग लेने वाले की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष व अधिकतम 75 वर्ष होगा। 75 प्रतिशत हितग्राही ग्रामीण क्षेत्रों से तथा 25 प्रतिशत शहरी क्षेत्र के होंगे। चयनित यात्री, यात्रा पर नहीं जाने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित व्यक्ति को यात्रा पर भेजने की व्यवस्था होगी। चयनित यात्रियों एवं प्रतीक्षा सूची को कलेक्टर कार्यालय, संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के बोर्ड पर चस्पा किया जाएगा। केवल वही व्यक्ति यात्रा में शामिल हो सकेंगे जिनका चयन हुआ है अनाधिकृत व्यक्ति को नहीं ले जा सकेगा। विभाग के दिषा-निर्देष में स्पष्ट किया गया है कि 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति, जिसने अकेले यात्रा हेतु आवेदन किया हो, उन्हें अपने साथ एक सहायक को यात्रा ले जाने की पात्रता होगी। पति-पत्नी में से किसी एक का नाम यात्रा के लिए चुना जाता है तो उसका जीवन साथ भी यात्रा पर साथ जाने की पात्रता होंगे। कोरिया जिले से 108 श्रद्धालु श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना में शामिल होंगे। चयनित हितग्राहियों को उनके ग्राम पंचायत या नगरीय-निकाय तक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यात्रियों के साथ अनुरक्षक (एस्कॉर्ट) के रूप में जिले के शासकीय अधिकारी, कर्मचारी को भेजा जाएगा। ये एस्कॉर्ट सम्पूर्ण यात्रा के दौरान यात्रियों व आईआरसीटीसी के अधिकारियों से सतत संपर्क में रहेंगे तथा यात्रा के दौरान यात्रियों के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित करेंगे। यात्रियों के मेडिकल सर्टिफिकेट के अभाव में कोई यात्रा हेतु यात्री रवाना नहीं हो सकेगा। ब्लड ग्रुप, ब्लड प्रेशर, अस्थमा, एलर्जी, मधुमेह आदि का भी उल्लेख करना होगा ताकि यात्रा के दौरान मेडिकल सहायता की आवश्यकता होने पर मदद की जा सके। यात्री अपने स्वास्थ्य संबंधी दवाइयां स्वयं रखेंगे। यात्रा हेतु चिकित्सक द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम होने का प्रमाण देंगे। मेडिकल टेस्ट में अनफिट पाए जाने गए यात्रियों के स्थान पर प्रतीक्षा सूची में शामिल व्यक्तियों को भेजने की व्यवस्था की जाएगी। पर्यटन विभाग द्वारा जारी निर्देष में बताया गया है कि श्रीरामलला दर्षन (अयोध्या धाम) के तहत जाने वाले यात्री अपने साथ महंगे आभूषण, गहने आदि ले जाने पर प्रतिबंध होगा। यात्रियों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े रखेंगे तथा सामान की सुरक्षा स्वयं करेंगे। तीर्थ स्थल पर जाने वाले यात्रियों को मर्यादा के अनुसार आचरण करेंगे तथा वेषभूषा शालीन एवं पारंपरिक रखेंगे। समस्त जिले के कलेक्टरों द्वारा हितग्राहियों को चयनित कर यात्रियों को सूची छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग को भेजी जाएगी, जिसके बाद विभाग द्वारा अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। यात्रा की तिथियां और जरूरी जानकारी समय से पहले यात्रियों के साथ साझा कर दी जाएगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, बैकुंठपुर और सोनहत से क्रियान्वयन की तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

डीजे व कलेक्टर ने जिला जेल का किया निरीक्षण

कैदियों से हुए रूबरू, स्वास्थ्य की ली जानकारी

कोरिया। बैकुंठपुर जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पाण्डेय एवं जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला जेल, बैकुंठपुर का निरीक्षण किए। डीजे श्री पांडेय ने जेल में बंद कैदियों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य तथा मिलने वाले भोजन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। जेल के अधीक्षक को बंदियों के स्वास्थ्य तथा कैदियों को रखे जाने वाले बैरक के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

श्री पांडेय ने कहा कि जाने-अनजाने में किए गए अपराध निश्चय ही समाज के लिए चिंता की बात है। ऐसे में समाज के सभी तबकों को अपराध से बचने, रोकने के लिए स्व प्रेरित होकर आगे आने की जरूरत है। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि जेल में बंद कैदियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य व भोजन उपलब्ध कराने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहन सिंह कोर्राम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री विरेन्द्र सिंह भी मौजूद थे।

9 मार्च को लोक अदालत

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विरेन्द्र सिंह ने आगामी 9 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के सम्बंध में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि लोक अदालत से जहाँ आपसी सुलह और रजामंदी से समस्याओं का निराकरण होते हैं तो वहीं आर्थिक बोझ से बचा भी जा सकता है और धन, समय और कलह से बचने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन समय-समय पर की जाती है।

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर। सत्यम नगर कचना हाउसिंग बोर्ड कालोनी में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी मोहन लाल पटेल 42 वर्ष सत्यम नगर कचना हाउसिंग बोर्ड कालोनी खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपने घर के बाहर बाइक क्रमांक ओडी 26 डी 7326 को खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

किशोर को पीटा

रायपुर। आनंद नगर तेलीबांधा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने किशोर से गाली-गलौज कर क्रिकेट बैट से मारकर चोट पहुंचाया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने कलेक्टर ने अधिकारियों से की चर्चा

रायपुर। कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने आज बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 24 फरवरी को आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के संबंध में समस्त विभागों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रम को वृहद् बनाया जाए। इसके लिए हर पहलुओं पर बिंदुवार जानकारी अधिकारियों को दी।

ज्ञात हो विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन 24 फरवरी को राजघानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ेंगे और हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। इस आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे। इसके लिए कलेक्टर ने सभी विभागों को गुणवत्ता पूर्ण तैयारी करने को कहा। बैठक में एसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा ज़िला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

सरेआम शराब पीते दर्जन भर गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खम्हारडीह पुलिस के टीम ने कचना तालाब के पास सरेआम शराब पीते आरोपी मनोहर निषाद 34 वर्ष, खमतराई पुलिस ने आरोपी मनी यादव 28 वर्ष और गुढियारी पुलिस ने आरोपी मनीश साहू 34 वर्ष व विकाश कुमार 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र कुमार सिंह 47 वर्ष व जितेन्द्र पाल 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी नोहर लाल यादव 33 वर्ष, काशीराम ध्रुव 32 वर्ष, भगत पाल 59 वर्ष व चंद्रराम साहू 51 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोबरनवापारा पुलिस ने आरोपी पंच कुमार 50 वर्ष एवं धरसींवा पुलिस ने आरोपी ताराचंद निषाद 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

छत्तीसगढ़ में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की तैयारियां तेज

रायपुर। स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने एससीईआरटी संचालक राजेंद्र कटारा को राज्य में जल्द शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) आयोजित कराने के निर्देश दिए है। शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल के निर्देश के बाद एससीईआरटीने व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) को पत्र लिखकर राज्य में जल्द से जल्द टीईटी परीक्षा के आयोजन के लिए कहा है। श्री अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने विधानसभा में राज्य में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी। उसी क्रम में राज्य में टीईटी की परीक्षा के आयोजन की तैयारी की जा रही। हमारी सरकार में किसी भी युवा के साथ अन्याय नहीं होगा।

गांजा के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर। खमतराई पुलिस ने राबाभाठा बंजारी नगर में गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 632 ग्राम गांजा व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राबाभाठा बंजारी नगर में दबिश देकर आरोपी अजय तिर्की 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

रायपुर। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 122 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 390 रुपए जब्त किया है। गोबरानवापारा पुलिस ने अंबेडकर चौक नवापारा के पास अवैध शराब बेचते आरोपी शेखर यादव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 290 रुपए जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने छोटे उरला के पास आरोपी राहुल भारती 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 100 रुपए जब्त किया है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने आरोपी योगेश निषाद 19 वर्ष व योगेंद्र कुमार यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

जिला विकास एवं समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक आगामी 6 मार्च को



बैकुण्ठपुर। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार योजनाओं की समीक्षा के लिए गठित जिला विकास एवं समन्वय निगरानी समिति दिषा की बैठक आगामी 6 मार्च को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महन्त करेंगें। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर कोरिया श्री विनय कुमार लंगेह ने बताया कि उक्त बैठक हेतु अविभाजित जिले के तीनों विधानसभा जनप्रतिनिधियों को सूचना प्रेषित की गई है। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा सांसद महोदया की अध्यक्षता में दिषा समिति के द्वारा की जाएगी। इस बैठक में क्षेत्र के सभी माननीय विधायकों के अतिरिक्त जिला पंचायत की अध्यक्ष, नगर पालिक निगम की महापौर, बैकुण्ठपुर, शिवपुर चरचा तथा मनेन्द्रगढ़ नगरपालिका के अध्यक्ष तथा सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि इस बैठक में महात्मा गांधी नरेगा, आजीविका मिशन बिहान, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण कौशल विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समेकित बाल विकास योजना, सर्व शिक्षा अभियान, मध्यान्ह भोजन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, फसल बीमा योजना, कृषि विकास योजना, कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन सहित कुल 27 विषयों पर जिले में हो रहे कार्यों का प्रस्तुतीकरण विभाग प्रमुखों के द्वारा दिया जाएगा। उन्होने सभी संबंधित विभाग प्रमुखों को इसके लिए आवश्यक तैयारी करके समय पर उक्त बैठक में उपस्थित होने के लिए निर्देश दिए हैं।

परीक्षाओं में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल एवं पर्यवेक्षक का किया गठन

सूरजपुर। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा संचालित की जाने वाली वर्ष 2024 की हायर सेकण्डरी एवं हाई स्कूल की परीक्षाएं 09 मार्च व 11 मार्च से प्रारंभ होगी। निर्धारित परीक्षा केंद्रो मे परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनायें रखनें, परीक्षाओं को सुव्यवस्थित संचालित करने, नकल की प्रवृत्ति को रोकने तथा प्रश्न पत्रों की गोपनीयता बनायें रखने के लिये समय सारणी के अनुसार पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसी तरह परीक्षा का सुव्यवस्थित संचालन के लिये जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। प्रत्येक उड़नदस्ता दल सम्मिलित परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक सघन जांच, निरीक्षण परीक्षा के दौरान करेंगें एवं कार्यालय द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देश के अनुसार अन्य परीक्षा केन्द्रों का भी निरीक्षण कर सकेंगें। दल प्रभारी प्रत्येक परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रतिदिन जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर को प्रस्तुत करेंगें। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितता एवं नकल आदि का प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख हों। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारी, सदस्य अपने शासकीय वाहन का उपयोग करेंगें।

ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

सूरजपुर। महाविद्यालयीन एवं शालाएँ परीक्षाएँ प्रारंभ होने वाली है तथा विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा की तैयारी की जा रही है। आम जनता द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग मानक सीमा से अधिक आवाज, ऊँची आवाज में किये जाने से विद्यार्थियों के पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसके अतिरिक्त बुजुर्ग, दुर्बल एवं बीमार व्यक्ति, किसी भी संस्था, अस्पताल या घर में हो तो अत्यधिक परेशानी होती है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का मनमानी तरीके से उपयोग की सुविधा नहीं दी जा सकती है। अतएव उपर्युक्त वर्णित तथ्यों पर कलेक्टर रोहित व्यास, जिला मजिस्ट्रेट, सूरजपुर छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र का चलाया या चलवाया जाना प्रतिबंधित करता हूँ।

भटगांव के शिव मंदिर की दान पेटी की चोरी करने वाले दो आरोपी चढ़े हत्थे

सूरजपुर। जरही निवासी आचार्य देवकी नंदन पाण्डेय ने 20.02.24 को थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि जरही स्थित शिव मंदिर परिसर में 19.02.2024 को रात्रि में कोई अज्ञात चोर के द्वारा मंदिर परिसर का ताला तोड़कर मंदिर में रखा 3 नग दान पेटी, अन्य सामग्री, चढ़ावा का पैसा को चोरी कर ले गए तथा दान पेटी व अन्य सामग्री को मंदिर के पीछे स्थित ताला के पास फेंक दिए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चोरी का खुलासा करने डीएसपी रितेश चौधरी के नेतृत्व में थाना भटगांव की पुलिस टीम गठित कर लगाया। पुलिस टीम ने पूरी संवेदनशीलता के साथ अज्ञात चोर की पतासाजी में लगी रही और संदेहियों से बारीकी से पूछताछ की गई। पुलिस की कड़ी पूछताछ पर संदेही राजकुमार पासवान पिता ओमप्रकाश पासरवान उम्र 20 वर्ष निवासी कोरंधा भटगांव एवं छोटू केंवट पिता

सदानंद केंवट उम्र 20 वर्ष निवासी हाटमेंट जरही के द्वारा मंदिर में चोरी करना स्वीकार किया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि नशे के आदि है, नशा को जरूरत को पूरा करने के लिए पैसे नहीं होने पर मंदिर से चोरी की घटना को अंजाम दिए। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का रकम 2910 रूपये बरामद कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, प्रधान आरक्षक करन सिंह नेताम, पूरनचंद राजवाड़े, आरक्षक मनोज जायसवाल, संतोष जायसवाल व महिला आरक्षक प्रीति भगत सक्रिय रहे।

24 को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा

कोरिया बैकुंठपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा के संदर्भ में प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम के तहत 24 फरवरी को शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुण्ठपुर में आयोजित की जा रही है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु उपलब्ध वीडियो का प्रदर्शन एलईडी स्क्रीन पर सुबह 9 बजे से शुरू से होगी। कार्यक्रम में साढ़े 9 बजे तक सभी जनप्रतिनिधियों व आमजनों एवं लाभार्थियों की उपस्थिति आवश्यक है। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी बूथ भी बनाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक पूरे छत्तीसगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 24 फरवरी को किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लाभार्थियों से संवाद करेंगे, साथ ही जनप्रतिनिधियों से यात्रा के संबंध में भी संवाद कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का संवाद आमजन सहजता से देख-सुन सकें, इसके लिए छोटे एलईडी भी लगाई जाएगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने 24 फरवरी को होने वाले आयोजन के संबंध में बैठक लेकर अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर, लोक निर्माण, पंचायत ग्रामीण विकास, ऊर्जा, खाद्य, परिवहन आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आयोजन स्थल में सभी प्रकार की व्यवस्था आयोजन तिथि के पूर्व सुनिश्चित करें। श्री लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार ने कार्यक्रम स्थल, शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुण्ठपुर जाकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिए साथ ही सुचारू यातायात व पार्किंग स्थल का निरीक्षण भी किए।

मदनपुर में पशुमेला का होगा आयोजन

सूरजपुर। ग्राम पंचायत मदनपुर में 02 दिवसीय जिला स्तरीय पशु मेला का आयोजन 25 एवं 26 फरवरी को पशुधन विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिला स्तरीय मेला में पशु, पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन, पैरा यूरिया उपचार, अजोला उत्पादन, विभागीय विशेषज्ञों द्वारा पशुपालन संबंधी तकनीकी विषयों में पशुपालकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी जायेगी।

लगन,आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेः शशि भूषण

चरचा कालरी। हिंद विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल परिसर में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई माता सरस्वती की पूजा उपरांत बच्चों को पुष्प गुच्छ के साथ स्मृति स्वरूप मोमेंटो भेंट किए गए ने इस दौरान बच्चों ने बढ़-चढ़कर अपने विचार भी व्यक्त किए कक्षा 12वीं की छात्रा नेहा शर्मा ,अंकिता मोदी, वेदिका पांडे, अंजलि, श्वेता सिंह ,पीहू राव, यशिका ,सानिया आदि ने कहा कि पढ़ाई करते हुए 14 साल बीत गए, समय कैसे गुजर गया पता ही नहीं चला, पढ़ाई के दौरान शिक्षकों का पूरा सहयोग मिला जो पल हमने यहां बिताए, वह कभी नहीं भूल पाएंगे, हमें बहुत कुछ सीखने को मिला, हम लोग बहुत सी यादों को लेकर जाएंगे यहां से जाएंगे और जब भी अवसर मिला विद्यालय में जरूर आएंगे, विद्यालय के शिक्षक बहुत ही मेहनत व लगन के साथ हमें पढाते थे उनकी शिक्षा को वजह से ही आज हम इस मुकाम पर हैं विद्यालय के प्राचार्य शशि भूषण राय,, किरण मैडम सहित समस्त शिक्षकों ने हमें अच्छी शिक्षा दी। विद्यालय के प्राचार्य शशि भूषण राय ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से आप हर चुनौतियों का सामना करते हुए अपने मुकाम को प्राप्त करेंगे, निरंतर प्रयास करते रहें ,हौसला रखें निश्चित ही सफलता आपको मिलेगी, आपका दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास और लगन के आगे कोई भी मुश्किल रुकावट नहीं बन सकती आपको जहां भी सहयोग की आवश्यकता हो होगी विद्यालय परिवार आपके सहयोग हेतु तत्पर है आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करते हुए बोर्ड परीक्षा में 95प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थी को 11000 व 95प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर 21000 रुपए के नगद पुरस्कार की घोषणा विद्यालय के संचालक नेसार खान ने की।

शाउमावि कन्दरई में मनाया गया संकल्प दिवस

सूरजपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा व्याख्यान मेला का आयोजन कर आज संकल्प दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा 22 फरवरी 1994 को भारतीय संसद द्वारा पारित संकल्प प्रस्ताव का वाचन किया गया। रासेयो स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने कहा कि देश के लिए जम्मू-कश्मीर सामरिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। जम्मू-कश्मीर व लद्दाख के ऐतिहासिक, भौगोलिक एवं सामरिक महत्व की जानकारी विद्यार्थियों को देते हुए उन्होंने कहा कि भारत एक शांतिप्रिय एवं विविधताओं से परिपूर्ण देश है। भारत ने हमेशा सामाजिक सौहार्द एवं समरसता को महत्व दिया। हमारी विविधता ही राष्ट्र की एकता को मजबूत करती है। हमें हमेशा ऐसी ताकतों से सावधान रहना है जो भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरा है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में देवनंदन, प्रमोद, दुर्जेन्द्र, सुनिता, गीता, नीरा, मनीषा, मोनिका, अंजू, प्रिया, शशिकला, नीरज, सुमेधा सहित अन्य स्वयंसेवक सक्रिय रहे।

बाल संरक्षण पोर्टल में कराये अपना पंजीयन

सूरजपुर। जिले में ऐसे बालक जो सड़क या सड़क जैसी परिस्थिति में जीवन यापन करने वाले बालकों के संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले ऐसे सक्रिय विशेषज्ञ पेशेवर व्यक्तिगत संगठन जो देखरेख एवं आवश्यकता वाले बच्चों के क्षेत्र में इच्छुक सम्मानीय जन से निवेदन है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग एन.सी.पी.सी.आर का बाल स्वराज पोर्टल जो सीटीजन पोर्टल भी कहा गया है, आप अपनी पंजीयन कर सकते हैं।

कोयला का लालच आसपास के लोगों को कर रहा आकर्षित

ओबी फिसलने से दो की मौत से नाराज लोगों ने लगाया जाम, कहा- दो मुआवजा

कोरबा। एसईसीएल दीपका के ओवरबर्डन क्षेत्र में मिट्टी धंसकने से दो लोगों की दबने से मौत हो गई, एक अन्य घायल हो गया। मुफ्त के कोयले के लोभ ने ये सब कराया। घटनाक्रम को लेकर ग्रामीणों ने हरदीबाजार के बजरंग चौराहे पर आज सुबह आवाजाही बाधित कर दी। इससे लोग परेशान हुए। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों द्वारा मांग की जा रही है कि हादसे में जिनकी मौत हुई है उनके परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। स्थिति को सामान्य करने के लिए मौके पर काफी संख्या में पुलिस को तैनात किया गया है।

पिछली शाम दीपका माइंस के अंतर्गत मिट्टी धंसकने की घटना हुई थी। यह क्षेत्र एसईसीएल की ओर से प्रतिबंधित घोषित किया गया है। यहां पर खदान क्षेत्र से निकाले गए मिट्टी और पत्थर को रखा गया है। समय के साथ यह ढेर मजबूत होता है। इस ढेर में कोयला का कुछ हिस्सा भी शामिल होता है जिसे हासिल करने को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में होड़ लगी रहती है। ऐसे में दीपका के नजदीक ओवरबर्डन इलाके में ऐसी स्थिति अक्सर बनी रहती है। नजदीकी गांव के लोग खतरे को नजरअंदाज करते हुए यहां से कोयला चोरी करने को लेकर आमादा रहते हैं। इसी चक्कर में शाम को मिट्टी धंसकने की घटना हो गई। बताया गया कि कोयला पाने के चक्कर में कई लोग यहां पहुंचे हुए थे। इनमें से तीन दब गए। घटना में बम्हनीकोना निवासी शत्रुघ्न कश्यप 23 वर्ष पिता चमरू सिंह और प्रदीप पोर्ते 18 वर्ष पिता परदेशी पोर्ते की मौत हो गई जबकि लक्ष्मण मरकार पिता गंगाराम और लक्ष्मण ओढ़े पिता चमरा सिंह घायल हो गए। इनका उपचार अस्पताल में चल रहा है। हरदीबाजार में ग्रामीणों के द्वारा बजरंग चौक पर इस मामले को लेकर चक्काजाम कर दिया गया। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं। उनके द्वारा भारी वाहनों के साथ-साथ दोपहिया को भी रोक दिया गया है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर परेशानी बढ़ी हुई है। दीपका और हरदीबाजार पुलिस को संयुक्त रूप से यहां मोर्चा संभालना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग है कि ओवरबर्डन इलाके में घटना हुई है इसलिए मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाए। इस मसले को लेकर फिलहाल कोई आश्वासन नहीं दिया गया है और न ही कार्रवाई करने की बात कही गई है। अधिकारियों का कहना है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में जन सामान्य के जाने का सवाल ही नहीं उठता। ऐसे में जो मांगें की जा रही है उसका औचित्य नहीं है।

मारपीट का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग

हरदीबाजार में चक्काजाम के दौरान कई कारणों से स्थिति बिगड़ी। ऐसे में पुलिस को सख्ती दिखानी पड़ी ताकि प्रदर्शन बंद हो सके और आवाजाही बहाल की जानी संभव हो सके। ऐसे में कई लोग चपेट में आए। खबर के मुताबिक घटना के दौरान अंजली ओगरे नामक महिला की कलाई में चोट आई। इसे लेकर पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाते हुए उसके विरूद्ध एसटी-एससी एक्ट का प्रकरण दर्ज करने की मांग की जा रही है।

पदयात्रा करने को मजबूर हुए विद्यार्थी व यात्री

हरदीबाजार के बजरंग चौक पर चक्काजाम करने से कई प्रकार की परेशानियां पैदा हो गई और लोग परेशान हुए। विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षण संस्थान को जाने निकले विद्यार्थी प्रदर्शन के चलते आगे नहीं बढ़ सके। उन्हें लौटना पड़ा। जबकि हरदीबाजार के शिक्षण संस्थान जाने के लिए लंबी पदयात्रा करनी पड़ी। यात्रियों के साथ भी ऐसा हुआ। इस दौरान कई यात्रियों को सिर पर सामान ले जाते हुए देखा गया।

खड़फड़ी पारा में लोनर ने ढाया कहर, तोड़े चार ग्रामीणों के मकान

कोरबा। जिले के वनमंडल कटघोरा के जंगलों में विचरणरत हाथी काफी दिनों तक शांत रहने के बाद फिर उत्पात मचाने पर उतारू हो गए हैं। हाथियों के दल में शामिल एक लोनर हाथी बीती रात केंदई वन परिक्षेत्र के कोरबी सर्किल में स्थित ग्राम खड़फड़ी पारा में जमकर उत्पात मचाते हुए 4 ग्रामीणों के घर को धराशायी कर दिया। लोनर द्वारा एक ही रात में 4 घरों को ढहाए जाने से ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं वन अमला उत्पात को रोकने के लिए सतर्क हो गया है। लोनर की निगरानी तेज कर दी गई है और क्षेत्र में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार केंदई वन परिक्षेत्र के कोरबी सर्किल में इन दिनों 8 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इस दल में शामिल लोनर हाथी गुरुवार की रात 2 बजे के लगभग दल से अलग होकर खड़फड़ी पारा गांव की बस्ती में आ गया और आते ही जमकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। लोनर ने एक के बाद एक 4 ग्रामीणों के घरों को निशाना बनाते हुए ढहा दिया। इतना ही नहीं वहां रखे चावल व घरेलू सामानों को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। आधी रात को लोनर द्वारा उत्पात मचाए जाने से ग्रामीण काफी दहशत में रहे। जिस समय लोनर हाथी ने बुंदेश्वरी, बिरसो बाई, घासीराम व अमरलाल के घरों को निशाना बनाया, उस समय वहां रह रहे लोग गहरी नींद में सो रहे थे। लोनर की आने की आहट व चिंघाड़ सुनकर अचानक जागे और किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों द्वारा लोनर के आने व उत्पात मचाए जाने की सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और उत्पाती हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। हाथी के अन्यत्र जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। आज सुबह वन अमला द्वारा नुकसानी का सर्वे किया गया।

उधर एतमानगर रेंज के कोदवारी क्षेत्र में 42 हाथी अभी भी सक्रिय है। इन हाथियों ने यहां स्थित पहाड़ पर डेरा जमा दिया है। वहीं कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में मौजूद लोनर हाथी बीती रात गीतकुंआरी से आगे बढ़ा और कुदमुरा की सरहद को पार कर धरमजयगढ़ क्षेत्र के जंगल में प्रवेश कर गया है। लोनर के अन्यत्र जाने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

डांगीआमा में कुएं में मिला शव

कोरबा। बांगो पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत डांगीआमा गांव में एक ग्रामीण का शव कुएं में मिला है। पुलिस पार्टी मौके के लिए रवाना हुई है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि यहां से 25 किलोमीटर दूर डांगीआमा अंदरूनी क्षेत्र में है। सुबह सूचना प्राप्त हुई है कि वहां किसान के खेत में एक शव मिला है। उसके बारे में और अधिक जानकारी फिलहाल नहीं है और न ही यह पता चल सका है कि मृतक कौन है।

ट्रेलर ने ठोका, दो मृत

कोरबा। गुरुवार की रात उरगा थाना क्षेत्र के मड़वारानी के समीप देर रात लगभग एक बजे एक अज्ञात ट्रेलर के चालक ने बाइक सवार तीन लोगों को अपने चपेट में ले लिया। जिससे दो लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है।

डीडासराई में हुई ठाकुरदेव की पूजा

कोरबा। विकासखंड कोरबा के अजगर बहार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत देवपहरी के आश्रित ग्राम डीडासराई संचालित साप्ताहिक कार्यक्रम ठाकुर देव पूजा आरती में सनातन संघर्ष समिति के क्षेत्रीय संयोजक एवम एकल अभियान देवपहरी के संच समिती अध्यक्ष हरी शंकर यादव शामिल होकर ठाकुर देव जी का पूजा आरती किए। इस अवसर पर एकल विद्यालय के बच्चों द्वारा ओंकार मंत्र गायत्री मंत्र विजया महा मंत्र के साथ पूजा आरती कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ब बच्चों एवम ग्राम वासियों द्वारा चर्चा हुआ,जिसमे हरी शंकर यादव द्वारा बच्चों को संस्कार शिक्षा के अंतर्गत स्कूल जाते समय माता पिता व बड़ों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद के लिए प्रेरणा दायक बातें करते हुए नीचे धुल में बैठे बच्चे एवम ग्राम वासियों के लिए अपने तरफ से अति शीघ्र दरी व्यवस्था करने के लिए चिंतन किए । कार्यक्रम में ठाकुर देव समिति अध्यक्ष जगदेव राठिया,ग्राम बैगा रामप्रसाद ,कंवर समाज के मंडल अध्यक्ष रायसराम,आचार्य राजेश्वर राठिया,सत्संग प्र नेपाल सिंह राठिया एवम एकल अभियान संच प्रमुख चन्द्रा कुमार राठिया तथा ग्रामवासी शामिल रहें।हंस साप्ताह के प्रसाद व्यवस्था में रिखी राम द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ।

नमामि हसदेव का आयोजन

सर्वमंगला घाट पर माघ पूर्णिमा को महाआरती, तैयारी तेज

कोरबा। हर नदी का हो सम्मान, हम पूजे माँ गंगा समान। इस ध्येय के साथ औद्योगिक नगर कोरबा में नमामि हसदेव के द्वारा माघ पूर्णिमा के अवसर पर 24 फरवरी को शाम हसदेव की महा आरती की जाएगी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति होगी।

नमामि हसदेव यह आयोजन कर रहा है। बताया गया है कि नदी के प्रदूषण को कम करने, हसदेव नदी के संरक्षण करने तथा हसदेव नदी के घाट का सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक मास की पूर्णिमा को हसदेव आरती की जाती है। इसी क्रम में माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 24 फरवरी को सायं 5 बजे माँ सर्वमंगला घाट पर हसदेव आरती की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य यजमान अजीत वर्सत कलेक्टर, कोरबा, विशिष्ट यजमान सत्येन्द्र नाथ दुबे विभाग संघचालक, कोरबा, योगेश जैन अध्यक्ष, चेम्बर आफ़ कामर्स, कोरबा, रविन्द्र पाराशर पूर्व अध्यक्ष, हाइकोर्ट अपील समिति छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद ,बिलासपुर, नितीश डालमिया जिलाध्यक्ष, विश्व हिन्दू पारिषद, कोरबा, श्रीमती अर्चना उपाध्याय सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग व श्रीमती भारती अरोरा सी. ए. होंगे। नमामि हसदेव ने बताया कि मानव सभ्यता के विकास में नदियों का अपना महत्वपूर्ण योगदान है और वह जीवन रेखा के रूप में अपना योगदान देते हैं। इसलिए क्षेत्र के सभी नागरिकों से आवाहन किया गया है कि वह कोरबा नगर में माघ पूर्णिमा पर होने वाले इस महाआरती के आयोजन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाये।

डॉ. हेमंत और शर्मा बनाए गए ईडी कर्मचारी संघ करेगा बातचीत

कोरबा। विद्युत मंडल ने प्रमोशन नीति के अंतर्गत अधिकारियों को लाभ दिया है। उक्तानुसार डीएसपीएम कोरबा के सीई डॉ. हेमंत सचदेवा और एचटीपीपी वेस्ट के सीई संजय शर्मा के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया है। उनको बधाई देने पहुंचे । बिजली कर्मचारी संघ के सदस्यों ने समस्याओं को भी सामने रखा ।



इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ ने बताया कि डीकेंवट राव, शब्बीर मेमन, सुरेश साहू, मदनमोहन पाण्डेय सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कई समस्याओं को सामने रखा है। इसी तरह विद्युत मंडल कोरबा पूर्व के अधिकारी हेमंत सचदेवा पदोन्नत हुए है। उनसे भी आज बिजली कर्मचारी संघ के सदस्य मुलाकात करेगें। और अपनी समस्याओं को रखेगें। यहां की पूर्णिमा साहू, संदीप राठौर, श्याम सुन्दर खुटें, अशीष शर्मा भी ठेका मजदूरों की समस्याओं को रखेगें।

क्लबों का किया जा रहा मरम्मत

कोरबा। एसईसीएल कोरबा पूर्व के सभी मनोरंजन क्लब में मरम्मत का काम चल रहे है। मानिकपुर मनोरंजन क्लब के दुर्गा पंडाल का निर्माण किए जाने के बाद अन्य कार्य भी किए जा रहे है। क्लब के मिनीलाल साहू, भूषण नारंगे, रामलाल साहू, भैरव प्रजाति सहित अन्य सदस्यों के द्वारा मामले को प्रबंधन के सामने रखा गया था। जिसके बाद मरम्मत का काम जारी है। सीआरसी क्लब में भी कई महीनों से मरम्मत के काम हो रहे। क्लब के दिनेश साहू, तोरन राठौर, राजेन्द्र यादव, बाबूलाल चंन्द्रा सहित अन्य सदस्यों के द्वारा क्लब का निरीक्षण किया गया था। प्रबंधन के सामने अतिरिक्त कमरे व बाउड्रीवॉल बनाने की मांग की गई थी। यहां पर लगातार काम हो रहे है। जेआरसी क्लब के सचिव मनोज कटेरिया ने बताया कि यहां पर मरम्मत काम किया जा रहा है।

तेलियामार में हेलीपेड बनकर तैयार

कोरबा। जिले के पसान क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रस्तावित निर्धन कन्या सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए पसान के निकटस्थ तेलियामार बस्ती के मैदान में हेलीपेड तैयार किया जा रहा है। जिसका सभी काम लगभग पूरा हो गया है। इस बीच खबर है कि कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है। पूर्व में निर्धन कन्या सामूहिक विवाह कार्यक्रम 25 फरवरी को होने की बात कही जा रही थी। लेकिन अब इसके आगे बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

करतला में भारतीय जनता पार्टी की कार्यशाला 25 को

कोरबा। कल दशहरा मैदान निहारिका क्षेत्र में भाजपा का लोकसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किया गया। इसके बाद अब भी मंडलो में कार्यशाला आयोजित किए जाएगें। मंडलो में कार्यशाला होने के बाद कार्यकर्ता घरों तक पहुंचेगें केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जानकारी देने के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार किया जा रहा है। करतला मंडल में 25 फरवरी को कार्यशाला आयोजित है। इस कार्यशाला को सफल बनाने के लिए आकाश सक्सेना, नटवर शर्मा, सुशील राय, कृष्णा राय तैयारी में जूट गए है। दीपका मंडल में भी 25 फरवरी को कार्यशाला आयोजित है। यहां से लाभार्थी सम्मेलन में शामिल होने के लिए सूर्यप्रकाश शर्मा, राजू प्रजापति, राजेन्द्र राजपूत कोरबा आए हुए थे। हरदी बाजार मंडल में भी 26 फरवरी को कार्यशाला आयोजित है। इसके लिए हरीश थरवानीय , अरूणीश तिवारी, छतलाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने तैयारी शुरू कर दी है।

कोयला कामगारों से की मुलाकात

कोरबा। गेवरा व दीपका क्षेत्र में लगातार हो रहे दुर्घटनाओं को देखते हुए आज कंपनी सेप्टी सदस्य धर्मा राव व संजय सिंह दीपका पहुंचकर अधिकारियों को कोयला कामगारों से मुलाकात की और दुर्घटनाओं में कर्मी लाने के लिए विचार विर्मश किया। कंपनी सेप्टी सदस्य कल हसदेव क्षेत्र में जाकर कोयला कामगारों से मुलाकात की थी। उनके साथ कमलेश शर्मा भी थे। कोयला कामगारों से मुलाकात करने के बाद रिर्पोट भी तैयार की गई। इसके पहले सदस्यों ने सोहागपुर खदान का निरीक्षण किया था।

दवाब ना डालें, बेहतर होंगे परिणाम

कोरबा। बोर्ड एग्जाम का नाम सुनते ही बच्चों के मन में एक अलग ही डर बैठ जाता है। बच्चों को लगता है कि बोर्ड एग्जाम होम बोर्ड से अलग होता है और बेहद ही कठिन प्रश्न पूछे जाते हैं। खासकर ऐसे बच्चे जो पहली बार दसवीं का बोर्ड पेपर देते हैं. उनके मन मे बोर्ड पेपर को लेकर काफी डर देखा जाता है। इस विषय को लेकर कोरबा के मेडिकल कॉलेज में पदस्थ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ नीलिमा महापात्र से विशेष बातचीत की गई।

मनोरोग विशेषज्ञ ने बताया कि एग्जाम का डर बच्चों के दिमाग से निकलना बेहद जरूरी होता है। परीक्षा का डर बच्चों के मन को विचलित कर देता है और अच्छी तैयारी करने के बावजूद भी बच्चे अपना बेहतर प्रदर्शन परीक्षा में नहीं कर पाते। इसलिए सबसे पहले पेरेंट्स अपने बच्चों के मन से एग्जाम का डर और प्रेशर खत्म करना चाहिए। बच्चों को बताएं कि तैयारी अच्छे से करो और परिणाम की चिंता ना करो. क्योंकि एग्जाम के पहले ही बच्चे परीक्षा के परिणाम के बारे में सोचने लगते हैं. बच्चों के मन में इस दौरान बहुत सारी बातें आती है जैसे की अगर पेपर बिगड़ गया तो घर में मार पड़ेगी, दोस्त ज्यादा अच्छा नंबर ले आए तो मजाक उड़ाया जायेगा। ऐसी बहुत बातें बच्चों के मन में चलती रहती है। और जब बच्चे एग्जाम हॉल में जाते हैं तब उनका मन विचलित हो जाता है और अपना बेहतर परफॉर्मेंस नहीं कर पाते। मनोरोग विशेषज्ञ ने बताया कि परीक्षा के पहले बच्चों को समझाया जाए कि परिणाम अच्छा होगा तुम बेहतर कर पाओगे। बच्चों को किसी और से कंपेयर ना करें. ज्यादा नंबर लाने के लिए बच्चों को प्रेशर भी ना दे। एग्जाम हॉल में जाने के बाद बच्चे शांति से बैठकर पहले प्रश्न पत्र को देखें. फिर सोचें और लिखना शुरू करें।

आचार्य विद्यासागर महराज की विनयांजली सभा 25 को

कोरबा। संत शिरोमणी परम पूज्य आचार्य गुरूवर 108 श्री विद्यासागर जी महराज का चन्द्र गिरी तीर्थ डोंगरगढ़ (छ.ग.) में सल्लेखना पूर्वक समाधिस्थ होने के कारण संपूर्ण भारत में रविवार को दोपहर एक बजे उनके महाप्रयाण की विनयांजली हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर परिसर बुधवारी चौक में 25 फरवरी को दोपहर एक बजे विनयांजली सभा का आयोजन, जैन मिलन समिति एवं संपूर्ण जैन समाज कोरबा द्वारा आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में जैन समाज के अतिरिक्त सभी समाजों के प्रतिनिधि, धार्मिक संस्थाओं के प्रमुख, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे, जिसमें आचार्य विद्यासागर महराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जायेगा तथा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये जायेंगे। जैन मिलन समिति ने समस्त गणमान्य नागरिकों एवं संस्थाओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

सड़क तक कारोबार फैलाने से लोगों को हो रही परेशानी, दिया गया नोटिस

आपत्ति जताने पर नगर निगम ने दी चेतावनी

कोरबा। इतवारी बाजार मुख्य मार्ग पर कुछ व्यवसायईयों ने कब्जा कर रखा है। इसके कारण बाजार वाले दिवस लोगों को बेहद परेशानी होती है। प्रशासन के पास यह मामला पिछले दिनों पहुंचा था जिसके बाद नगर निगम ने समस्या पैदा करने वाले व्यवसाईयों को नोटिस दिया है। लोग चाहते हैं कि चेतावनी के बजाय आक्रयक कार्रवाई की जानी चाहिए।

हालांकि निगम इससे पहले भी इस प्रकार के कदम उठ चुका है लेकिन उनका कोई खास असर नहीं हुआ है। 1 वर्ष से भी ज्यादा समय से यहां पर रविवार और गुरुवार को काफी समस्याएं पेश आते हैं और सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। हरीश कलवानी ने बताया कि अपनी मूल जगह से हटकर दुकाने सड़क तक लगा ली जाती है जिसके कारण आवागमन में काफी असर होता है। सत्य जायसवाल ने व्यवसायों से कहां की वे आवश्यक रूप से अपनी दुकानों को निर्धारित जगह पर लगाने की मानसिकता बनाएं। खास तौर पर मांस की दुकानों के मामले में गंभीरता दिखाने की जरूरत है।

व्यापारी संघ के द्वारा यहां से जुड़ी समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत कराया गया था। अध्यक्ष अनीश ने बताया कि कलेक्टर की जानकारी में मामले को लाने के बाद निगम ने संबंधित लोगों को नोटिस दिया है। हम चाहते हैं कि इस इलाके में समस्या के सभी कारणों को हटाया जाना चाहिए।

इतवारी बाजार क्षेत्र में इस तरह के हालात लंबे समय से बने हुए हैं और इनके चलते जान सामान्य को साप्ताहिक हाट बाजार के दिन यहां से आने और जाने में बेहद मुश्किल का सामना करना पड़ता है। यहां की तस्वीरों ने लोगों को काफी हलकान कर रखा है। नगर निगम के द्वारा कुछ कारोबारी को नोटिस देने से लोगों को लग रहा है कि आगे कुछ अच्छे परिणाम आ सकते हैं लेकिन यह तभी हो सकेगा जब अधिकारी चाहेंगे।

नियमों की उड़ रही धज्जियां

नियमत: मांस की कटिंग कवर्ड क्षेत्र में होना चाहिये और उसके सार्वजनिक प्रदर्शन से सीधे तौर पर बचना चाहिए। डीएम का उल्लंघन होने पर संबंधित लोगों पर कार्रवाई करने के प्रावधान है लेकिन कोरबा शहर में इसके ठीक उल्टे काम हो रहा है। इतवारी सहित अनेक स्थानों पर सरेआम प्रतिबंधित काम किया जा रहे हैं और इस प्रकार की गतिविधियों से आम लोगों को परेशान किया जा रहा है।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com